कोटद्वार, शुक्रवार
6 जून 2025
वर्ष: 47
अंक: 44 पृष्ठ: 4
मूल्य: 2.00

# जयन्त

निर्भीक – निष्पक्ष – जनसरोकार

www.dainikjayantnews.com

स्थापित 1979

संस्थापक: स्व. नरेन्द्र उनियाल

डाक पंजीयन पी.ए.ओ.07-2024-26 फोन: 9412081969 email: nagendra.uniyal@gmail.com

## एक नजर

### थत्यूड़ से गुमशुदा महिला को मंसूरी से पुलिस ने किया बरामद

नई टिहरी। पति से साथ रोज–रोज के झगड़े के चलते घर से गायब हुई महिला को थत्यूड़ पुलिस ने 24 घंटों के भीतर मसूरी से बरामद कर लिया है। महिला को परिजनों को सौंपा गया है। अनहोनी की आशंका के चलते पुलिस ने मामले में एसएसपी आयुष अग्रवाल के निर्देशन में त्वरित कार्यवाही की। पुलिस की मीडिया सेल के अनुसार, ग्राम रौतू की बैली, पोओ सुवाखोली जौनपुर, थाना थत्यूड़ जनपद टिहरी गढ़वाल ने अपनी पत्नी उम्र 22 वर्ष के बीती एक जून को रात्रि 9 बजे अपने घर से बिना बताये कहीं चले जाने तथा वापस न आने के सम्बन्ध में तहरीर दी थी। तहरीर के आधार पर गुमशुदगी दर्ज की गई। महिला संबंधी अपराध और किसी अनहोनी होने की आशंका के चलते एसएसपी आयुष अग्रवाल ने थानाध्यक्ष थत्यूड़ को शीघ्र घटना के अनावरण के सख्त निर्देश दिए थे। पुलिस के द्वारा खोजबीन करने पर पता चला कि गुमशुदा महिला के साथ उसके पति का झगड़ा हुआ था। मामले की संवेदनशीलता व गम्भीरता के दृष्टिगत गुमशुदा की सकुशल बरामदगी के लिए तत्काल थाने से विभिन्न टीमें बनाकर त्वरित कार्यवाही करते हुये सीसीटीवी कैमरे, कॉल डिटेल व आस–पास के इलाकों में गुमशुदा की सघन तलाश शुरू की गई। पुलिस की ओर से 24 घण्टे से भी कम समय में मसूरी से महिला को सकुशल बरामद किया गया। पीड़िता ने पूछने पर बताया गया कि उसका पति आये दिन मारपीट व झगड़ा करता रहता है। जिससे तंग होकर घर से चली गयी थी। गुमशुदा को उसके कहे अनुसार परिजनों के सुपुर्द किया गया। महिला को बरामद करने में सीसीटीवी टीम के कैलाश चौहान, राजबीर सिंह के साथ ही पुलिस टीम में एसआई प्रकाश सिंह जीना, जितेंद्र कुमार, मुकेश सिलोड़ी, दलीप, महेंद्र व अंकिता की भूमिका अहम रही।

### बच्ची से सामूहिक दुष्कर्म के मामले में पुलिस ने 24 घंटे में तीसरा आरोपी दबोचा

हरिद्वार। कोतवाली रानीपुर क्षेत्र में मासूम बच्ची से सामूहिक दुष्कर्म के सनसनीखेज मामले में हरिद्वार पुलिस ने 24 घंटे के भीतर बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस टीम ने फरार चल रहे तीसरे आरोपी को मेरठ से गिरफ्तार कर लिया है। इससे पहले पुलिस आरोपी बच्ची की मां और उसके प्रेमी को गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है। नाबालिग बेटी से यौन शोषण कराने के आरोप में पुलिस ने बुधवार को भाजपा की महिला नेता और उसके बॉयफ्रेंड को गिरफ्तार किया था। आरोप है कि महिला मोर्चा की पूर्व पदाधिकारी ने अपनी नाबालिग बेटी का यौन शोषण कराया था। आरोप है कि महिला नेता के बॉयफ्रेंड के दोस्त ने भी किशोरी का यौन शोषण किया है। मेडिकल में दुष्कर्म की पुष्टि भी हो चुकी है।

### चरस तस्करी के दोषी को दस साल का कठोर कारावास

विकासनगर। विशेष न्यायाधीश एनडीपीएस नंदन सिंह की अदालत ने चरस तस्करी के दोषी को दस साल की कठोर करावास और एक लाख जुर्माने की सजा सुनाई है। जुर्माना न देने पर दोषी को एक साल की अतिरिक्त सजा काटनी पड़ेगी। शासकीय अधिवक्ता नरेश बहुगुणा ने बताया कि मामला 2015 का है।

सहसपुर थाना पुलिस ने नसीम पुत्र शहवीर निवासी खुशहालपुर को गिरफ्तार किया था। उसके कब्जे से पुलिस ने एक किलो 100 ग्राम चरस बरामद की थी। जिसके बाद आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस ऐक्ट में मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया गया था। बताया कि मामले में बुधवार को विशेष न्यायाधीश एनडीपीएस नंदन सिंह की अदालत में सुनवाई हुई। जिसमें उनकी ओर से 16 गवाह पेश किए गए। तमाम गवाहों और साक्ष्यों के आधार पर आरोपी को दोषी करार दिया गया है। गुरुवार को दोषी की सजा सुनाई गई। विशेष न्यायाधीश एनडीपीएस नंदन सिंह की अदालत ने दोषी को दस साल की कठोर सजा और एक लाख रुपये की जुर्माने की सजा सुनाई है। जुर्माना न भरने पर दोषी को एक साल की अतिरिक्त सजा भुगतनी पड़ेगी।

हमारा हर कदम सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण को समर्पित

## केंद्र सरकार के 11 साल पूरे होने पर बोले पीएम मोदी



नई दिल्ली ,प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा–एनडीए सरकार को केंद्र में 11 साल पूरे हो गए हैं। पीएम मोदी ने गुरुवार को अपनी सरकार के 11 साल के कार्यकाल में गरीब कल्याण के लिए किए गए कार्यों को गिनाया। पीएम मोदी ने कहा कि बीते 11 साल में हमारी सरकार का हर कदम सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण को समर्पित रहा है। प्रधानमंत्री मोदी ने गुरुवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स पर कई पोस्ट किए। उन्होंने अपने पहले पोस्ट में लिखा, बीते 11 साल में हमारी सरकार का हर कदम सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण को समर्पित रहा है। इस दौरान हमारी उपलब्धियां न सिर्फ अभूतपूर्व हैं, बल्कि 140 करोड़ देशवासियों के जीवन को आसान बनाने वाली हैं। मुझे पूरा विश्वास है कि देश को आगे ले जाने के अपने इन प्रयासों के साथ हम विकसित और आत्मनिर्भर भारत के लक्ष्य को जरूर हासिल करेंगे। एक अन्य 'एक्स पोस्ट में प्रधानमंत्री ने अपनी कई योजनाओं का जिक्र किया। उन्होंने लिखा, गरीब कल्याण के लिए समर्पित सरकार। पिछले एक दशक में, एनडीए सरकार ने कई लोगों को गरीबी के चंगुल से निकालने के लिए महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं, जिसमें सशक्तिकरण, बुनियादी ढांचे और समावेशन पर ध्यान केंद्रित किया गया है। हमारी प्रमुख योजनाओं ने गरीबों के जीवन को बेहतर बनाया है। पीएम आवास योजना, पीएम उज्ज्वला योजना, जन धन योजना और आयुष्मान भारत जैसी पहलों ने लोगों को आवास, स्वच्छ रसोई ईंधन, बैंकिंग और स्वास्थ्य सेवाओं तक पहुंच प्रदान की है।

### पुलवामा–कुलगाम सहित कई जिलों में छापेमारी

श्रीनगर ,प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जम्मू–कश्मीर दौरे से ठीक एक दिन पहले राष्ट्रीय जांच एजेंसी ने आतंक के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए केंद्रशासित प्रदेश के कई जिलों में छापेमारी की। यह छापेमारी आतंकी साजिश से जुड़े एक मामले की जांच के तहत की गई है। अधिकारिक सूत्रों के अनुसार, एनआईए की टीमों ने पुलवामा, कुलगाम, शोपियां, बारामूला और कुपवाड़ा जिलों में कई स्थानों पर छापे मारे। यह कार्रवाई उन व्यक्तियों और नेटवर्क के खिलाफ की जा रही है जो आतंकियों और उनके ओवरग्राउंड वर्करों के संपर्क में हैं। जानकारी के मुताबिक, छापेमारी के दौरान किसी को गिरफ्तार नहीं किया गया है और न ही औपचारिक रूप से हिरासत में लिया गया है, लेकिन एनआईए ने पांच लैपटॉप, करीब डेढ़ दर्जन मोबाइल फोन, अन्य डिजिटल डिवाइसेज और वित्तीय लेन–देन से जुड़े दस्तावेज जब्त किए हैं। जिन लोगों के ठिकानों पर तलाशी ली गई, उनमें एक अध्यापक, एक छात्रा और कुछ कारोबारी शामिल हैं। जांच एजेंसी को इन सभी के पाकिस्तानी हैंडलरों और गुलाम जम्मू–कश्मीर में मौजूद आतंकी संपर्कों से जुड़े होने के सबूत मिले हैं। इससे पहले एसआईए ने भी जम्मू संभाग के चार जिलों में 18 ठिकानों पर तलाशी अभियान चलाया था।

## सीएम धामी ने किया पर्यावरण के क्षेत्र में सर्वश्रेष्ठ कार्य करने वाले लोगों को सम्मानित



देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने गुरुवार को मुख्यमंत्री आवास स्थित मुख्य सेवक सदन में विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर पर्यावरण के क्षेत्र में सर्वश्रेष्ठ कार्य करने वाले लोगों को सम्मानित किया। सुन्दर लाल बहुगुणा प्रकृति एवं पर्यावरण संरक्षण पुरस्कार–2025 (सरकारी श्रेणी) में नगर निगम रूद्रपुर को सम्मानित किया गया। नगर निगम रूद्रपुर से उप नगर आयुक्त श्रीमती शिप्रा जोशी ने यह पुस्कार प्राप्त किया। सुन्दर लाल बहुगुणा प्रकृति एवं पर्यावरण संरक्षण पुरस्कार–2025 ( गैर सरकारी श्रेणी) में विजय जड़धारी एवं प्रताप सिंह पोखरियाल को सम्मानित किया गया। उत्तराखंड प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के जागरूकता पोस्टर का विमोचन एवं इको टूरिज्म कॉर्पोरेशन द्वारा तैयार किए गए पोर्टल का भी मुख्यमंत्री ने लोकार्पण किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने प्लास्टिक मुक्त उत्तराखण्ड की शपथ दिलाई एवं स्कूली बच्चों को कपड़े के बैग प्रदान किये। मुख्यमंत्री ने वन विभाग को इस वर्ष प्रदेश के प्रत्येक वन डिवीज़न में कम से कम एक हज़ार फलदार वृक्ष लगाए जाने के निर्देश दिए। जिससे जंगली जीव–जंतुओं के लिए पर्याप्त आहार मिल सके। मुख्यमंत्री ने प्रदेशवासियों और यात्रियों से आग्रह किया कि जीव–जंतुओं को ऐसी वस्तुएँ न खिलाएँ जो उनकी सेहत के लिए हानिकारक हों। उन्होंने आह्वान किया कि जन्मदिन, विवाह की वर्षगांठ और अन्य महत्वपूर्ण अवसरों पर अवश्य पौधारोपण करें। ऐसे प्रयासों के संकल्प से ही हम पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा दे पाएंगे। मुख्यमंत्री ने सभी को विश्व पर्यावरण दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि उत्तराखंड प्राकृतिक सौंदर्य और जैव विविधता से परिपूर्ण राज्य है। घने जंगल, पवित्र नदियाँ, हिमालयी ग्लेशियर हमारे राज्य की भौगोलिक पहचान है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री के प्रयासों से भारत अक्षय ऊर्जा उत्पादन के क्षेत्र में विश्व स्तर पर आगे बढ़ रहा है। सोलर मिशन, इलेक्ट्रिक मोबिलिटी, ग्रीन हाइड्रोजन मिशन, स्वच्छ भारत मिशन, नमामि गंगे अभियान और प्लास्टिक मुक्त भारत अभियान जैसी योजनाएं पर्यावरण संरक्षण में अहम भूमिका निभा रही हैं।

## गंगा दशहरे पर लाखों श्रद्धालुओं ने लगाई गंगा में आस्था की डुबकी



हरिद्वार। गंगा दशहरा पर गुरुवार को हरकी पैड़ी समेत तमाम घाटों पर लाखों श्रद्धालुओं ने गंगा में आस्था की डुबकी लगाई। सुबह से ही गंगा तटों पर स्नान के लिए भीड़ जुटनी शुरू हो गई थी और दिनभर यह सिलसिला जारी रहा। मेला क्षेत्र को दो सुपर जोन, 11 जोन और 27 सेक्टरों में बांटकर पुलिस के साथ ही पैरामिलिट्री फोर्स के जवान तैनात रहे। मान्यता है कि गंगा दशहरा के दिन मां गंगा स्वर्ग से पृथ्वी पर अवतरित हुई थीं। इसी के उपलक्ष्य में हर साल यह पर्व मनाया जाता है। मान्यता है कि इस दिन गंगा स्नान से सभी प्रकार के पापों का नाश होता है और पुण्य की प्राप्ति होती है। साथ ही मां गंगा के साथ भगवान शिव की पूजा, पितरों को तर्पण, दीपदान और दान पुण्य करने से विशेष फल की प्राप्ति होती है।

### अगले सप्ताह हो सकती है पीएम मोदी व सीएम ममता की बैठक

कोलकाता ,बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी हमेशा शिकायत करती हैं कि केन्द्र बंगाल के बकाया पैसा नहीं दे रहा है। ऐसे में मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने विभिन्न केंद्र प्रायोजित परियोजनाओं के तहत पश्चिम बंगाल सरकार को लंबित केंद्रीय बकाये पर चर्चा के लिए अगले सप्ताह नई दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मिलने का समय मांगा है। कहा जा रहा है कि अगामी 9 जून को सीएम ममता दिल्ली रवाना होगी। पीएम व सीएम की अगले सप्ताह बैठक की सम्भावना है। राज्य सचिवालय के एक अंदरूनी सूत्र ने बताया कि इस संबंध में अगले सप्ताह मुलाकात का समय मांगने के लिए मुख्यमंत्री कार्यालय (सीएमओ) से प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) को पत्र भेजा जा चुका है। उन्होंने कहा कि सीएमओ से प्राप्त पत्र में प्रधानमंत्री से मुलाकात के लिए 10 जून की तारीख तय की गई है। राज्य के सरकारी सूत्रों के अनुसार बंगाल की ममता सरकार केन्द्र की मोदी सरकार से बंगाल के बकाये के बावद 1 लाख 75हजार करोड़ पाएगी।

## गंगा दशहरा पर काशी, प्रयागराज में हजारों की संख्या में आए श्रद्धालु



वाराणसी/ प्रयागराज , उत्तर प्रदेश के काशी और प्रयागराज में गंगा दशहरा के पावन अवसर पर गुरुवार को आस्था का सैलाब उमड़ पड़ा। यह उत्सव ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष की दशमी तिथि पर मनाया जाता है। मान्यता है कि इस दिन मां गंगा का अवतरण स्वर्ग लोक से धरती पर हुआ था। गुरुवार की सुबह तड़के से ही दशाश्वमेध घाट सहित अन्य प्रमुख घाटों पर श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा।दूर–दराज से आए हजारों श्रद्धालुओं ने मां गंगा की आराधना और पवित्र स्नान कर पुण्य अर्जित किया। गंगा स्नान के साथ ही श्रद्धालुओं ने दीपदान, गंगा आरती और मंत्रोच्चार के माध्यम से गंगा मैया से सुख–शांति और मोक्ष की कामना की। घाटों पर सुरक्षा और व्यवस्था के लिए प्रशासन मुस्तैद रहा। एनडीआरएफ और जल पुलिस की टीमें भी घाटों पर तैनात की गईं। काशी की गलियों से लेकर घाटों तक आज का दिन भक्ति भाव और गंगा मैया की जयकारों से गुंजायमान रहा। श्रद्धालुओं का कहना है कि गंगा दशहरा पर काशी में गंगा स्नान का विशेष महत्व है, जिससे सभी पापों का नाश होता है और मोक्ष की प्राप्ति होती है। गंगा दशहरा वह दिन है जब गंगा नदी का धरती पर अवतरण हुआ था, और इसी दिन को मां गंगा के जन्मोत्सव के रूप में मनाया जाता है। दशाश्वमेध घाट के तीर्थपुरोहित विवेकानंद ने समाचार एजेंसी आईएएनएस से कहा कि ज्येष्ठ माह का शुक्ल पक्ष है। इस दिन को गंगा दशहरा के उत्सव के रूप में मनाया जाता है। भागीरथ ने अपने पूर्वजों की मुक्ति के लिए मां गंगा की आराधना कर उनको प्रसन्न किया और मां गंगा को धरती पर लेकर आए। श्रद्धालु दूर–दूर से आते हैं और मोक्ष पाने के लिए गंगा जी में डुबकी लगाते हैं। गुजरात के राजकोट से आए महंत विजय महाराज ने बताया कि सनातन धर्म में गंगा दशहरा का बहुत महत्व है। आज ही के दिन गंगा जी धरती पर अवतरित हुईं थीं।

## "कारगिल शहीदों को सलाम: सेना के जवान पहुँचे घर–घर, परिजनों को भेंट किए स्मृति सम्मान चिन्ह"



देहरादून। "वो चोटियाँ जहाँ आज तिरंगा लहराता है, वहाँ एक समय गोलियों की बौछार थी। पर हमारे वीरों ने हिम्मत नहीं हारी, बल्कि दुश्मन को मुंहतोड़ जवाब देकर भारत माता की शान बढ़ाई। कारगिल के उन अमर बलिदानियों को कोटि–कोटि नमन!" आगामी 26वें कारगिल विजय दिवस के अवसर पर पूरे उत्तराखंड के सभी जिलों में विशेष कार्यक्रम आयोजित कर भारतीय सेना की ओर से उन सभी शहीदों को याद किया, जिन्होंने 1999 के कारगिल युद्ध में सर्वोच्च बलिदान दिया।

इस आयोजन में सेना के वरिष्ठ अधिकारी, पूर्व सैनिक, प्रशासनिक अधिकारी और बड़ी संख्या में नागरिक शामिल हुए। सेना की ओर से एक जागरूकता अभियान की शुरुआत हुई। कार्यक्रम में नायब सूबेदार सुधीर चंद्र, और उनके अन्य साथियों ने सैन्य अनुशासन का परिचय देते हुए 1999 में कारगिल युद्ध के दौरान अमर शहीदों की बहादुरी को याद किया और उनके परिवारों को सम्मानित किया। यह भावुक अवसर सभी उपस्थितों के लिए गर्व और श्रद्धा का प्रतीक बना। जवानों ने कहा "हम अपने वीर साथियों को भूले नहीं हैं, न कभी भूलेंगे। यह हमारा कर्तव्य नहीं, हमारी भावना है कि हम उनके परिजनों को बताएं – उनका बलिदान व्यर्थ नहीं गया है।" शहीद के परिजन बोले: "पति , बेटा,भाई , तो खो दिया, पर आज महसूस हुआ कि पति, बेटा ,भाई अकेला नहीं था। पूरी भारतीय सेना उनके पीछे खड़ी है।" यह आयोजन केवल एक रस्म नहीं, बल्कि यह संदेश था कि देश अपने शहीदों और उनके परिवारों को कभी नहीं भूलता। उनका बलिदान भारत की आत्मा में बसा हुआ है।' और अंत में वीर जवानों की जय और भारत माता की जय' के नारों से गूंजा वातावरण।

**जय वीर बलिदानी, जय भारत, जय उत्तराखंड।**

सेना द्वारा देहरादून में कारगिल युद्ध के दो बलिदानियों के घर जाकर उनके परिजनों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया:

1– एनके कृष्ण बहादुर थापा, वीपीओ सेलाकुई, देहरादून, उत्तराखंड

2–आरएफएन नरपाल सिंह, गांव – रण नगर डांडा, पो०ओ० – थानो, देहरादून, उत्तराखंड।

### चार देशों की यात्रा के बाद भारत लौटा एक और प्रतिनिधिमंडल

नई दिल्ली ,आतंकवाद के खिलाफ भारत की प्रतिबद्धता के तहत विदेश दौरे पर गए प्रतिनिधिमंडल अब स्वदेश लौटने लगे हैं। चार देशों की यात्रा पूरी करने के बाद कांग्रेस सांसद मनीष तिवारी अपने प्रतिनिधिमंडल के साथ भारत लौट आए हैं। उन्होंने बताया कि उन्होंने दुनिया को एक स्पष्ट संदेश दिया है कि पाकिस्तान एक आतंकवादी देश है।कांग्रेस सांसद मनीष तिवारी ने मीडिया से बात करते हुए कहा, सभी प्रतिनिधिमंडल जो विदेश दौरे पर गए और वहां उन्होंने अपने समकक्षों से बात की। उन्होंने दुनिया को एक स्पष्ट संदेश दिया है कि पाकिस्तान एक आतंकवादी देश है, जो आतंकवाद को बढ़ावा देता है। पाकिस्तान न केवल दक्षिण एशिया में अस्थिरता को बढ़ावा देता है, बल्कि वैश्विक स्तर पर अशांति का एक प्रमुख स्रोत भी है। हम जितने भी देशों में गए हैं, वहां इस बात को रखने में सफल रहे हैं। मनीष तिवारी ने चार देशों की यात्रा को सफल बताया। उन्होंने कहा, हमारे प्रतिनिधिमंडल ने कतर, दक्षिण अफ्रीका, इथियोपिया और मिस्र की यात्रा की। हमने भारत का नजरिया प्रस्तुत किया कि पाकिस्तान न केवल दक्षिण एशिया में, बल्कि पूरी दुनिया में अस्थिरता और आतंक का केंद्र है। हमारे वार्ताकारों ने इसे बहुत गंभीरता से लिया।

## तीन आरोपियों को सश्रम कारावास



बागेश्वर। मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट गुंजन सिंह ने भालू के पित्त की तस्करी के मामले में तीन लोगों को दोष सिद्ध पाया। तीनों को चार–चार साल का सश्रम कारावास की सजा सुनाई। साथ ही 50–50 हजार का जुर्माना भी लगाया है। सहायक अभियोजन अधिकारी अशोक कुमार ने बताया कि सात अगस्त 2023 को एसओजी व डीएफओ बागेश्वर उमेश तिवारी को फोन पर मुखबिर ने भालू के पित्त की तस्करी की सूचना मिली। इसके बाद डीएफओ ने वन क्षेत्राधिकारी एसएस करायत व हरीश चंद्र सती को पौड़ीधार के पास निर्माणाधीन रोडवेज वर्कशॉप पर भेजा। लगभग दो बजकर, आठ मिनट पर वन विभाग के सदस्य पहुंचे। यहां से टीम के सदस्य एलओजी टीम के साथ ताकुला मार्ग की तरफ गए। गोल बैंड के पास यात्री शेड के अंदर तीन व्यक्ति बैठे थे। गाड़ी से जब संयुक्त टीम के सदस्य उतरे तो तीनों घबराने लगे। घबराने का कारण पूछने पर उन्होंने भालू के पित्त होने की बात कबूली। इसके बाद रेंजर करायत ने तीनों की तलाशी ली। मनोज उपाध्याय, डिगर सिंह और जगत सिंह के पास से बैगननुमा पदार्थ बरामद हुआ। पूछताछ करने पर उन्होंने बताया कि हम भालू के पित्त को खलझूनी निवासी अमर सिंह से लाए हैं। इसके बाद पुलिस ने चारों के खिलाफ धारा 9,39 49 क, 51, 56, 57 वन्य जीव संरक्षण अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज किया।

## 66 करोड़ श्रद्धालुओं ने प्रयागराज में देखा, गंगा अविरल व निर्मल : योगी आदित्यनाथ



अयोध्या , नगर निगम के दो वर्ष पूरा होने पर राम कथा पार्क में आयोजित नगर उपलब्धि समारोह में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भगवान राम के पूर्वज भागीरथी की तपस्या का जिक्र करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की तुलना की और कहा कि नमामि गंगे की परियोजना की देन है कि मां गंगा अविरल और निर्मल हैं। उनके तट की क्षमता पूरी दुनिया का पेट भरने के लिए अन्य उत्पादन की है। प्रयागराज के तट पर आयोजित महाकुंभ के मौके पर देश–विदेश के 66 करोड़ श्रद्धालुओं ने इसका दर्शन किया। राममंदिर में रामदरबार की प्राण प्रतिष्ठा की चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि 500 वर्ष का इंतजार खत्म हुआ और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत का वैभव राममंदिर के रूप में वापस लौटा। उन्होंने विश्व पर्यावरण दिवस के मौके पर ऐलान किया कि एक से सात जुलाई तक हर जिले में एक नदी को पुनर्जीवित किया जाएगा और उसके तट पर वृक्षारोपण होगा। उन्होंने अयोध्या धाम की एक नदी को पुनर्जीवित करने पर जोर देते हुए लोगों से एक पेड़ मां के नाम लगाने का आह्वान किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि विश्व पर्यावरण दिवस की मौके पर उन्हें लखनऊ में बेल का पौधा लगाने का अवसर मिला तो सरयू तट पर पुष्प वाटिका में पीपल, पाकड़, नीम सहित नवग्रह के पेड़ लगाने के अवसर पर भागीदारी करने का मौका मिला। उन्होंने कहा कि आगामी 23 जून को एक प्रधान, एक निशान, एक विधान का नारा देने वाले पंडित श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस पर वृहद वृक्षारोपण किया जाएगा। हाईवे के किनारे भी वृक्षारोपण कराया जाएगा।

### वापस चले जाओ, पाकिस्तानी नागरिक को सुप्रीम कोर्ट की दो टूक

नई दिल्ली ,। गोवा में लॉन्ग टर्म वीजा पर रह रहे पाकिस्तानी नागरिक की याचिका पर कोर्ट में सुनवाई की गई। पाकिस्तानी नागरिक के वकील ने कहा कि याचिकार्ता 2016 से गोवा में रह रहा है, लेकिन केंद्र सरकार ने अचानक से एक दिन पाकिस्तानी नागरिकों का वीजा रद कर उन्हें वापस जाने के लिए कह दिया। इस पर सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि 'फिर वापस चले जाओ ।इ दरअसल पहलगाम हमले के बाद केंद्र सरकार ने पाकिस्तान के खिलाफ कई बड़े एक्शन लिए। इसमें पाकिस्तानी नागरिकों को जारी वीजा रद करने का फैसला भी शामिल था। गोवा में रह रहे पाकिस्तानी नागरिक ने अदालत ने याचिका लगाकर इस फैसले का विरोध किया था। याचिका को अर्जेंट मैटर के तौर पर दाखिल किया गया। यह मामला जस्टिस संजय करोल और जस्टिस सतीश चंद्र शर्मा की पीठ के समक्ष पहुंचा। अदालत के यह कहने पर कि आप वापस चले जाए, वकील ने कहा कि याचिकार्ता वापस चला जाएगा, लेकिन उसकी बात सुनी जा सकती है।

## विकसित कृषि संकल्प अभियान में प्रतिभाग करेंगे केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान

### –केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान विकसित कृषि संकल्प अभियान के नौवें दिन कल पहुंचेंगे उत्तराखंड



देहरादून। सरकार के ऐतिहासिक कदम के तहत 29 मई से शुरू हुआ विकसित कृषि संकल्प अभियान तेजी से अपने लक्ष्य के साथ आगे बढ़ रहा है। अब–तक लाखों किसानों तक इस कार्यक्रम का लाभ पहुंच चुका है। इसी कड़ी में कल नौवें दिन केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान उत्तराखंड में किसानों से संवाद करेंगे। केंद्रीय कृषि मंत्री कल देहरादून के रायपुर ब्लाक में स्थित ग्राम पाव वाला सोडा में वैज्ञानिकों की टीम के साथ किसानों से चर्चा करेंगे। जिसके लिए राज्य के किसान काफी उत्साहित हैं और आशान्वित है कि इस अभियान के जरिए उनकी कृषि संबंधी व्यावहारिक समस्याओं को समझने के लिए जमीनी स्तर पर किए जा रहे प्रयास कारगर सिद्ध होंगे।इसके अलावा केन्द्रीय कृषि मंत्री दोपहर को गढ़ी कैंट स्थित हिमालयन कल्चरल सेण्टर में आयोजित विकसित कृषि संकल्प अभियान के कार्यक्रम में भी प्रतिभाग करेंगे। उनके साथ राज्य के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी और राज्य के कृषि मंत्री गणेश जोशी भी मौजूद रहेंगे । विकसित कृषि संकल्प अभियान 29 मई से शुरू हुआ था जो 12 जून तक चलेगा। इस 15 दिवसीय कार्यक्रम के दौरान केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान 20 राज्यों का दौरा करेंगे। एक राष्ट्र–एक कृषि– एक टीम के मंत्र के साथ कृषि मंत्रालय और भारतीय अनुसंधान परिषद् की यह अनूठी पहल किसानों के बीच व्यापक रूप से चर्चा का केंद्र बनी हुई है।

## सम्पादकीय

# मौत के बीच जश्न

आईपीएल फाइनल का जश्न एक टीम और उसके आयोजकों और प्रायोजकों के लिए भले ही मालामाल होने का मौका बना हो लेकिन कुछ परिवारों के लिए तो यह काल बनकर ही सामने आया। आरसीबी की फाइनल में जीत का जश्न बेंगलुरु के स्टेडियम में आयोजित किया गया जहां ट्रॉफी के साथ खिलाड़ी जश्न में डूबे थे लेकिन बाहर प्रशंसकों की भीड़ लाखों की तादाद में उमड़ी और फिर इस भीड़ में ऐसी भगदड़ मची जिसमें 11 लोगों की जान चली गई। प्रशासन द्वारा किए गए पुलिस प्रबंध कागज साबित नहीं हुए, शायद इसलिए कि इस बात का अंदेशा नहीं था की भारी भीड़ के बावजूद ऐसी दर्दनाक घटना हो जाएगी। घटना के बाद मानो पूरा शहर थम सा गया लेकिन स्टेडियम के अंदर जश्न में डूबे आयोजकों और खिलाड़ियों को अपने प्रशंसकों की जिंदगी से मानो कुछ लेना–देना ही नहीं था। अंदर का जश्न बदस्तूर ट्रॉफी उठा उठा कर चल रहा और इधर बाहर लोग अपनी सांसों के लिए तड़पते रहे। दौड़ती कूदती भीड़ के पैरों तले ना जाने कितने ही लोग दबते चले गए कुछ की सांस थम गई तो कुछ को बेतहाशा घायल हालत में अस्पताल ले जाया गया। यह एक कटु सत्य है कि प्रशंसक अपने जिन खिलाड़ियों, नेताओं, फिल्म स्टार्स के लिए जान लुटाते घूमते है, उनके सबसे बड़े फैन बने घूमते है, उन्हें इनके मरने या जीने से कुछ खास फर्क नहीं पड़ता। उनके लिए सही मायने में प्रशंसकों की कोई वैल्यू नहीं है। किसी एक टीम या खिलाड़ी को समर्थन करना समझा जा सकता है लेकिन हदों को पार करना किसी भी दृष्टि से ठीक नहीं है। ध्यान रखना चाहिए की सबसे पहले अपना जीवन और सुरक्षा है क्योंकि इसी जीवन से कई और लोग भी जुड़े हुए हैं इसीलिए सबसे जरूरी है कि अपने और अपने परिवार के भविष्य की चिंता करो, खिलाड़ियों या फिर फिल्मी सितारों के लिए ऐसी दीवानगी और पागलपन जीवन बर्बाद कर देगी। ऐसे हादसों को देखते हुए उनकी रोकथाम जरूरी है और सरकार को देश में अब ये हर जगह लागू कर देना चाहिए कि जितनी जगह है उसके अनुसार जनता आये और उसके बाद वहाँ किसी भी सूरत में प्रवेश नहीं होना चाहिए, क्योंकि जनता के बेहिसाब आने से व्यवस्था बिगड़ जाती है और फिर अंततः पब्लिक और प्रशंसक ऐसे हादसों का शिकार बनते हैं। प्रशासन हादसों की संभावना पहले से ही लगा कर रखनी चाहिए और हर ऐसे बड़े आयोजन में इस संभावित घटना के तौर पर प्रशासन को देखना चाहिए। लाखों की भीड़ के बावजूद ना तो आपदा राहत जैसी कोई व्यवस्था स्टेडियम के बाहर नजर आई और ना ही एंबुलेंस और व्यापक तौर पर पुलिस ही मौजूद थी। यह पूरी तरह से सरकार का भीड़ प्रबंधन तंत्र को व्यवस्थित करने का फेलियर है। यह घटना भविष्य के लिए एक सबक है कि अपने स्टार खिलाड़ियों या कलाकारों के लिए अपना संयम न खाएं और उनके दीदार से ज्यादा महत्व अपनी सुरक्षा और खुद के जीवन को दें। असल में पब्लिक खुद ही जिम्मेदार हैं इन सब के लिए इतनी भीड़ को काबू करने के लिए आप कितनी भी पुलिस लगा लो फिर भी कम ही पड़ेगी। अब कुछ दिन 11 प्रशंसकों की मौत राजनीति का भी अखाड़ा बनेगी और व्यवस्थाओं को लेकर पीड़ित परिवारों से हमदर्दी को मरहम कम राजनीति का लेप अधिक लगाकर पेश किया जाएगा।

# हर लड़की और महिला के जीवन का हिस्सा पीरियड्स

**बंदना प्रेयसी**

सदियों से एक लड़की की माहवारी ऐसा विषय रहा जिसे उसे छिपाना पड़ता था। फुसफुसाहटें, झिझक और चुप्पी–ये सब उस प्राकृतिक जैविक प्रक्रिया के साथ जुड़ गई, जो हर लड़की और महिला के जीवन का हिस्सा है, लेकिन आज बिहार में यह खामोशी टूट रही है–और उसकी जगह ले रही है एक सशक्त आवाज।

**मासिक धर्म स्वच्छता, जिसे अब तक सार्वजनिक नीति और सामाजिक दायरे के बाहर रखा गया था, अब हमारे स्कूलों, सामुदायिक भवनों, सरकारी कार्यालयों और सबसे महत्त्वपूर्ण हमारे घरों में प्रवेश कर रही है। यह सिर्फ सैनिटरी पैड्स की उपलब्धता या शौचालयों की सुविधा की बात नहीं है–यह एक सामाजिक परिवर्तन है, जो हमारी बेटियों और महिलाओं के प्रति हमारे व्यवहार को सिरे से बदल रहा है। देश–समाज के लिहाज से इस बदलाव के बहुत मायने है। क्योंकि अगर लड़कियां गरिमा के साथ अपनी माहवारी को संभाल सकती हैं, तो वे स्कूल में आसानी से पठन–पाठन कर सकती हैं। जब महिलाओं को स्वच्छता की सुविधा मिलती है, तो वे पूरी क्षमता से कार्यस्थल, समाज और जीवन में अपने दायित्वों का निर्वाहन करती है।**

मासिक धर्म स्वच्छता, जिसे अब तक सार्वजनिक नीति और सामाजिक दायरे के बाहर रखा गया था, अब हमारे स्कूलों, सामुदायिक भवनों, सरकारी कार्यालयों और सबसे महत्त्वपूर्ण हमारे घरों में प्रवेश कर रही है। यह सिर्फ सैनिटरी पैड्स की उपलब्धता या शौचालयों की सुविधा की बात नहीं है–यह एक सामाजिक परिवर्तन है, जो हमारी बेटियों और महिलाओं के प्रति हमारे व्यवहार को सिरे से बदल रहा है। देश–समाज के लिहाज से इस बदलाव के बहुत मायने है। क्योंकि अगर लड़कियां गरिमा के साथ अपनी माहवारी को संभाल सकती हैं, तो वे स्कूल में आसानी से पठन–पाठन कर सकती हैं। जब महिलाओं को स्वच्छता की सुविधा मिलती है, तो वे पूरी क्षमता से कार्यस्थल, समाज और जीवन में अपने दायित्वों का निर्वाहन करती है।

जब समुदाय बेझिझक, बिना शर्म के मासिक धर्म पर खुलकर बातचीत करता है तो इसका सकारात्मक प्रभाव शिक्षा, स्वास्थ्य, लैंगिक समानता पर तो पड़ता ही है यह समाज बनने के रूप में भी फलीभूत होता है। दरअसल, यह केवल स्वच्छता की ही नहीं बल्कि न्याय की भी बात है। इस लिहाज से बिहार की प्रगति उल्लेखनीय है। भारत सरकार की मासिक धर्म स्वच्छता योजना और बिहार सरकार के समर्पित प्रयासों के तहत, राज्य में स्वच्छ तरीकों से माहवारी प्रबंधन करने वाली युवतियों की संख्या (एनएफएचएस–4) के 31 प्रतिशत से बढ़कर (एनएफएचएस–5) में लगभग 59 प्रतिशत हो गई है, यानी दोगुनी। यह प्रगति राष्ट्रीय औसत (57.6 प्रतिशत से 77.3 प्रतिशत) की तुलना में भी उल्लेखनीय है।ये महज आंकड़ें नहीं हैं बल्कि हमारे सामूहिक प्रयासों की पहचान है। वे सामूहिक प्रयास जिसमें फ्रंटलाइन आशा कार्यकर्ता, शिक्षक, माता–पिता और खुद लड़कियों की सहभागिता से ही बदलाव संभव हुआ है। ये उपलब्धियां शानदार हैं, लेकिन अभी हमारा काम पूरा नहीं हुआ है। सुलभ सैनिटेशन मिशन के हालिया अध्ययन (2023–24) के अनुसार, खगड़िया और कटिहार में आधे से अधिक महिलाओं को अपने पिछले मासिक चक्रमें आवश्यक साधन उपलब्ध नहीं थे, और 62 प्रतिशत के पास उन्हें सुरक्षित रूप से फेंकने की जगह तक नहीं थी। ये आंकड़े केवल सेवाओं की कमी को नहीं दर्शाते, बल्कि एक गहरे मसले को उजागर करते हैं: महिलाओं के पास अपनी सुविधा और जरूरत के अनुसार विकल्प चुनने की आजादी नहीं है, उन्हें गरिमा से जीने का अधिकार नहीं मिलता, और उनकी आवाज समाज में सुनी नहीं जाती।

इसीलिए बिहार का मासिक धर्म स्वास्थ्य प्रबंधन रोडमैप (202225) केवल एक नीति नहीं–यह एक वादा है। यह एक ऐसा समन्वित प्रयास है जिसमें मासिक धर्म को एक 'साइड इश्यूझ नहीं, बल्कि न्यायसंगत बिहार की परिकल्पना का मूल माना गया है। इसमें स्वास्थ्य विभाग, शिक्षा से जुड़ता है, ग्रामीण विकास स्वच्छता के साथ मिलकर काम करता है। इसी का परिणाम है कि जमीनी स्तर पर वास्तविक परिवर्तन संभव हो पाया है। यूनिसेफ के सहयोग से स्कूलों में हमने 'सहेली कक्षझ की शुरुआत की है। सहेली कक्ष दरअसल ऐसा सुरक्षित स्थान है जहां लड़कियां विश्राम कर सकें, कपड़े बदल सकें और आत्मविश्वास के साथ अपनी माहवारी का प्रबंधन कर सकें।

अररिया और पूर्णिया के 50 से अधिक सरकारी स्कूलों में यह कक्ष बन चुके हैं, इसके अलावा अन्य स्कूलों में कक्ष बन रहे हैं, लेकिन सुरक्षित स्थान केवल दीवारों तक सीमित नहीं–वे शिक्षकों, सहपाठियों और समुदाय के नजरिए में भी परिलक्षित होना चाहिए। हमने मुख्यमंत्री कन्या उत्थान योजना और राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम (आरकेएसके) सरीखे कार्यक्रमों को भी मासिक धर्म स्वच्छता के लक्ष्यों से जोड़ने का प्रयास किया है। इन योजनाओं की क्षमताएं असीमित हैं, लेकिन तभी जब अंतिम छोर तक जिम्मेदारी और संवेदनशीलता संग सेवाएं पहुंचे। नीति और जनता के बीच की दूरी कम होनी चाहिए। और यह केवल 'महिलाओं का मुद्दाझ नहीं है।

पुरुष और लड़के, पिता और भाई, शिक्षक और पंचायत प्रतिनिधि–हर आवाज महत्त्वपूर्ण है। जब वे आगे आते हैं, सुनते हैं, और साथ खड़े होते हैं, तो वे शर्म और संकोच के बंधन को तोड़कर विश्वास की डोर को मजबूत करते हैं। यही समावेशिता का असली चेहरा है। आगे बढ़ते हुए, यह सुनिश्चित करना होगा कि हर आंगनबाड़ी केंद्र में किशोरियों को सहयोग देने के लिए प्रशिक्षित कर्मचारी हों। हर स्वास्थ्य कार्यकर्ता माहवारी पर संवेदनशीलता और आत्मविश्वास से बात कर सके, और हर स्कूल माहवारी को जीवन का हिस्सा माने–कक्षा छोड़ने का कारण नहीं। रोडमैप विकसित होता रहेगा। योजनाएं परिणाम देती रहेंगी। क्योंकि यह केवल एक जैविक प्रक्रिया को प्रबंध करने की बात नहीं–यह संभावना को अनलॉक करने और एक ऐसे भविष्य की लड़ाई है, जहां कोई भी लड़की सिर्फ इसलिए पीछे न रह जाए क्योंकि उसे माहवारी होती है।

# प्रसिद्ध शोधकर्ता एवं समाजसेवी श्री चाण्क्य बक्शी

प्रसिद्ध शोधकर्ता एवं समाजसेवी श्री चाण्क्य बक्शी ने सतपुड़ा की वादियों में स्वतंत्रता की अलख जगाने वाले राजा भभूत सिंह के बारे में लिखा है कि

सैताम मिल के गाते हैं, गौंड मवासी कहाते हैं, फांसीखड्डु, सांकलढोह, क्रांति गीत गाते हैं, फिरंगियों से भी लड़ी, भभूतसिंह की पचमढ़ी, स्वर्ग सी सुंदर है ये, पचमढ़ी।

लेखक चाण्क्य बक्शी लिखते हैं कि अमर राष्ट्र नायक हुतात्मा वीर राजा भभूत सिंह समाज की चिर स्मृति में सदैव अमिट एवं अंकित रहेंगे। उल्लेखनीय है कि पचमढ़ी बड़ा महादेव के पारंपरिक सेवक व संरक्षक परिवार में देनवा नदी के तट पर संयुक्त पचमढ़ी जागीर की हर्राकोट राईखेड़ी शाखा के जागीरदार परिवार में राजा भभूत सिंह ने जन्म लिया था। पचमढ़ी की महादेव चौरागढ़ पहाड़ियों में राजा भभूत सिंह की वंश परंपरा के पूर्वज अजीत सिंह थे। इस भोपा गोत्र के मवासी कोरकू ठाकुर वंश की पचमढ़ी शाखा के जागीरदार ठाकुर मोहन सिंह ने 1819–20 में भी अंग्रेजों के विरुद्ध नागपुर के राजा अप्पा साहेब भोसले का तन मन धन से सहयोग किया था। अपने पूर्वजो के पदचिन्हों पर चलते हुए युवा राजा भभूत सिंह ने भी 1857 की क्रांति के नेता तात्याटोपे के आव्हान पर 1858 में भारत के प्रथम सशस्त्र स्वातंर्त्य समर में कूदने का निर्णय लिया था। राजा भभूत सिंह अपने बड़े बूढ़े के मुख से अंग्रेजों के विरुद्ध नागपुर राजा अप्पासाहेब भोंसले के सशस्त्र संग्राम में स्थानीय जनजातीय सूरमाओं के सहयोग की कहानियां सुनते हुए बड़े हुए थे। मुगलों व अंग्रेजों की मालिकाना अपसंस्कृति के कुसंस्कार व भोगवादी मानसिकता से ग्रस्त अंग्रेजी अमले का सामना राजा भभूत सिंह की शोषित प्रजा को करना पड़ रहा था। सरलता की प्रतिमूर्ति मवासी व गोण्ड गाँवों से अंग्रेज दरोगा व कर्मचारी जब तब देशी पशु पक्षियों की मुफ्त में मॉग व पकड़ धकड़ कर रहे थे। राजा भभूत सिंह पीड़ा व आक्रोष से देख रहे थे कि तात्या टोपे का सहयोग करने के आरोप में पचमढ़ी के ठाकुर महेन्द्रसिंह जी को तथा शोभापुर के दरबार राजा महिपाल सिंह जी को तथा फतेहपुर के दरबार राजा किशोर सिंह जी को दबाव बनाकर अंग्रेज अपमानित कर रहे हैं।

जनवरी 1859 में जयपुर में हुई तात्याटोपे की फॉसी के समाचार ने राजा भभूत सिंह के धीरज का जैसे बाँध ही तोड़ दिया।राजा भभूत सिंह ने अपने मित्र व सेनापति होली भोई के साथ मिल कर छः माह जुलाई 1859 से जनवरी 1860 तक छापेमार युद्ध कला से अंग्रेजों की नाक में दम कर दिया। सतपुड़ा की महादेव पहाडियों के आँचल में मटकुली, पचमढ़ी, बागड़ा, बोरी के घने जंगलों में घाटियों, गुफाओं व खोहों के सहारे सतत संघर्ष चलता रहा। अंग्रेजों ने कर्नल मैक्नील डंकन के नेतृत्व में मद्रास इन्फैन्ट्री के साथ राजा भभूत सिंह के विरुद्ध अभियान छेड रखा था। राजा भभूत सिंह फिरंगियों के लिए महादेव की पहाडियों व देनवा की घाटियों के रहस्यमयी योद्धा सिद्ध हुए थे। उन के चमत्कारी युद्ध कौशल ने उन्हें क्षेत्र के जनजातीय समाज की परंपरा ने दैवीय शक्ति से युक्त श्रद्धा पुरुष मान्य किया था।

अगस्त 1859 में अंग्रेजी सेना से देनवा की सेंकरी घाटी में हुए भीषण युद्ध में राजा भभूत सिंह अपने साथियों संग सकुशल सुरक्षित निकल गए और अंग्रेजी सेना को पीछे हटना पड़ा। स्थानीय कहावतों में सुप्रसिद्ध है कि अभिमंत्रित जड़ी बूटियों से युक्त राजा भभूत सिंह का बन्दूक की गोली कुछ भी न बिगाड़ पाती थी और राजा भभूत सिंह अंग्रेजों को चकमा दे पलक झपकते हर्राकोट से गुप्त मार्गों से पुरानी पचमढ़ी पहुँच जाते थे।

सतपुडा टाईगर रिजर्व में राजा भभूत सिंह के किले के खण्डहर आज भी अपने पराक्रमी नायक की मूक गवाही देते खड़े हैं। हर्राकोट से पचमढ़ी तक के जंगलों में मोर्चाबंदी अंग्रेजों के लिए अभेद्य सिद्ध हुई थी। पगारा के समीप सॉकलदोह और फाँसीखड्डु जहाँ अपराधियों को मृत्यु दण्ड दिया जाता था, राजा भभूत सिंह के न्यायप्रिय राज के साक्ष्य हैं। पचमढ़ी में माढ़ादेव की गुफा ने राजा भभूत सिंह का धन सुरक्षित रखा था और हर्राकोट में गुप्त शस्त्रागार था।

# अब इसराइल के लोग भी नहीं चाहते कि गाजा में युद्ध हो

**अजय दीक्षित**

जिस तरह की खबरें आ रही हैं वह यह दर्शाती हैं कि इसराइली भी नहीं चाहते कि गाजा में युद्ध हो क्योंकि गाजा में अब जेनोसाइट, भुखमरी,हो रही है इसे कोई भी सभ्य समाज स्वीकार नहीं करेगा लेकिन इज़राइल के प्रधानमंत्री नेतन्याहू विश्व बिरादरी की छोड़ो अमेरिका के राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप की भी नहीं मान रहे हैं। जेनोसाइट माने नरसंहार बताया जाता है कि 2023 से हमास इसराइल युद्ध में 15000 पालिस्तीनी और 1500 इसराइल के लोग मारे गए हैं। जबकि हमास ने 52 इसराइली लोगों को बंधक बना रखा है। गाजा में भी पालिस्टिनियों को इसराइल की सेना ने गोलान पहाड़ियों पर खदेड़ दिया है जबकि वे पूरी गाजा पट्टी में रहते थे। कुलमिलाकर पालिस्तीनी नागरिकों के लिए गोलान पहाड़ियों ही बच्ची बाकी पूरे देश पर इसराइल सेना का कब्जा है।अभी मानव अधिकारों का एक संगठन युद्ध क्षेत्र में गया और उसके साथ अंतरास्ट्रीय प्रेस भी थी लेकिन इसराइल सेना ने इस प्रतिनिधित्व को गाजा के उस भाग में नहीं जाने दिया गया है।

बताया जाता है कि पूरा गाजा शहर भुतहा शहर बन गया है कोई भी इमारत बच्ची नहीं है। खंडहर बन गया है गाजा।

इसराइल के पुर्व प्रधानमंत्री अलमारे ने कहा है कि अब इज़राइल को युद्ध रोक देना चाहिए उन्होंने कहा कि युद्ध कभी नियम, कायदे, कानून,होते हैं।दरअसल अब बिना किसी उद्देश्य के युद्ध लड़ा जा रहा है।जबकि यूएनओ, यूएसए, सहित अन्य इसराइल समर्थक देशों ने भी युद्ध समाप्त कर ने का सुझाव दिया है। इजरायली नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि अगर युद्ध बंद नहीं किया तो इसराइल में सैनिक विद्रोह हो सकता है। और विश्व में उसकी स्थिति ऐसी हो सकती है जैसे रंगभेद के समय 1991से पहले साउथ अफ्रीका की हो गई थी जिसमें सभी देशों ने साउथ अफ्रीका को अलग कर दिया था। आखिर नेल्सन मंडेला को जेल से रिहा करना पड़ा और नए चुनाव हुऐ, रंगभेद नीति खत्म हुई तब साउथ अफ्रीका बापिस मुख्य धारा में आया। गाजा में जो कुछ घटित हुआ है उसके लिए हमास भी जिम्मेदार है

**इसराइल के पुर्व प्रधानमंत्री अलमारे ने कहा है कि अब इज़राइल को युद्ध रोक देना चाहिए उन्होंने कहा कि युद्ध कभी नियम, कायदे, कानून,होते हैं।दरअसल अब बिना किसी उद्देश्य के युद्ध लड़ा जा रहा है।जबकि यूएनओ, यूएसए, सहित अन्य इसराइल समर्थक देशों ने भी युद्ध समाप्त कर ने का सुझाव दिया है। इजरायली नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि अगर युद्ध बंद नहीं किया तो इसराइल में सैनिक विद्रोह हो सकता है। और विश्व में उसकी स्थिति ऐसी हो सकती है जैसे रंगभेद के समय 1991से पहले साउथ अफ्रीका की हो गई थी जिसमें सभी देशों ने साउथ अफ्रीका को अलग कर दिया था।**

लेकिन गाजा में हुए जीनोसाइट से पश्चिमी देश, अमेरिका पल्ला नहीं झाड़ सकते क्योंकि इजरायल को हथियार तो इन देशों ने मुहैया कराए हैं। पूरी दुनियां में ईसाइयत के बाद इस्लाम के अनुयाई ही सबसे अधिक है। जबकि इसराइल यहूदी देश है। ईसाइयत और यहूदियों में अधिक अंतर नहीं है

बताया जाता है कि ईशा मसीह की मां मेरी यहूदी थी।इस लिए पश्चिमी देशों का समर्थन इज़राइल को मिलता है। और इनके ही दम पर छोटा सा देश इज़राइल ने मध्य एशिया में मुस्लिम देशों जैसे लीबिया सीरिया लेबनान को पानी पिला दिया है।हालांकि पालिस्टिन भी कम जिम्मेदार नहीं है गाजा में जो युद्ध चल रहा है वह हमास ने ही शुरू किया था 2023 में एक दिन में 1000से अधिक इजरायलियों को हमला कर मौत के घाट उतार दिया गया था लेकिन इसके बाद इज़राइल ने पूरे गाजा को खंडहर बना दिया और 15000 फलस्तीनी को मार डाला था।हमास के सुप्रीम कमांडर सैफुल्लाह भी मारा गया था।हमास एक तरह का आतंकवादी संगठन है जैसे आई एस आई एस , अलकायदा,जैसे ए तैयबा, हिजबुल, लश्कर ए तैयबा, बलूच आर्मी,यहां तक कि तालिबान भी एक आतंकवादी संगठनों में आता है। इस्लामिक देशों में बंदूक के बल पर शासन किया जाता है। इसी लिए इस्लामिक देशों में लोकतांत्रिक व्यवस्था नहीं कायम रह सकती है।

# अहान पांडे और अनीत पड्डा की सैयारा का मुख्य गाना जारी



टीजर रिलीज के बाद से ही यशराज फिल्म्स द्वारा निर्मित और मोहित सूरी द्वारा निर्देशित 'सैयाराझ् 2025 की सबसे बहुप्रतीक्षित रोमांटिक फिल्म बन गई है। यशराज और मोहित–दोनों, जो कालजयी प्रेम कहानियाँ बनाने के लिए जाने जाते हैं की यह साझेदारी एक बार फिर चर्चा में है। इस फिल्म में दो नए चेहरों की केमिस्ट्री दर्शकों को बेहद पसंद आ रही है।

आज वाईआरएफ ने फिल्म का टाइटल ट्रैक 'सैयाराझ् रिलीज़ किया और मोहित सूरी ने खुलासा किया कि इस एलबम में वे गीत, विचार और धुनें हैं जिन्हें उन्होंने पिछले 5 वर्षों से बड़ी ही सावधानी से संजोया और तैयार किया है। मोहित कहते हैं, मेरे बारे में कुछ ही करीबी दोस्तों को यह बात पता है कि मुझे नए कंपोज़र्स, गायकों से मिलना और उनकी धुनों को इक्ा करना बहुत पसंद है जैसे कुछ लोग किताबें इक्ा करते हैं। 'सैयाराझ् का एलबम मेरे उन्हीं वर्षों की मेहनत और संग्रह का परिणाम है। मोहित कहते हैं कि वह दर्शकों को एक बेहद फ्रेश और आत्मा को छूने वाला एल्बम देना चाहते थे। वह जोड़ते हैं, मैं चाहता था कि यह एक डेब्यू फिल्म के लिए बेहद ताजगी से भरा रोमांटिक एल्बम हो। यह एल्बम मेरे दिल के बहुत करीब है। हर एक गीत मेरे लिए बेहद खास है। हम अपने मार्केटिंग अभियान की शुरुआत 'सैयारा् के टाइटल ट्रैक से कर रहे हैं। इस गीत में इतना प्यार, तड़प और भावना है कि मैं इसे पहली बार सुनते ही पसंद करने लगा था।

## इस घटना या विराट कोहली को लोग नहीं भूलेंगे

नईदिल्ली, । आईपीएल 2025 का खिताब रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने अपने नाम किया. इसके बाद बुधवार को आरसीबी ने बेंगलुरु में अपनी जीत का जश्न मनाया. आरसीबी के लिए बेंगलुरु के एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में कार्यक्रम का आयोजन किया गया. इसे विक्ट्री परेड का नाम दिया गया जिसमें विराट कोहली और कप्तान रजत पाटीदार समेत अन्य लोग शामिल हुए थे. जिस समय 35 हजार दर्शकों की क्षमता वाले चिन्नास्वामी स्टेडियम के अंदर ये कार्यक्रम चल रहा था उसी समय मैदान के लगभग 3 लाख लोगों की भीड़ जमा हो गई. इसके बाद वहां फैंस के बीच भगदड़ मच गई और कुल 11 लोगों की जान चली गई, जिसमें महिला और बच्चे भी शामिल थे. इस घटना ने पूरे देश में हलचल मचा दी है.

इस घटना के बाद चारों ओर लोगों में आक्रोश का माहौल है. ये गुस्सा आरसीबी और विराट कोहली पर भी जमकर फूट रहा है. अब इसी कड़ी में पूर्व भारतीय क्रिकेटर और वर्ल्ड कप विजेता खिलाड़ी मदनलाल भी इस दुखद घटना पर आक्रोश व्यक्त किया है. इसके साथ ही उन्होंने विराट कोहली और आरसीबी की टीम को भी आड़े हाथों लिया है.

# आरसीबी की विक्ट्री परेड से पहले मची भगदड़ पर विराट कोहली ने दी प्रतिक्रिया

## कहा–मेरे पास शब्द नहीं हैं. मैं पूरी तरह से दुखी हूं



बेंगलुरू, विराट कोहली ने रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के पहले आईपीएल खिताब का जश्न मनाने के दौरान बेंगलुरु में मची भगदड़ पर कहा कि वह बिल्कुल दुखी है. बुधवार को बेंगलुरु में आरसीबी का 18 साल बाद आईपीएल ट्रॉफी जीत का जश्न जानलेवा घटना बन गई, जिसमें 11 लोगों की मौत हो गई और 33 लोग घायल हो गए. आरसीबी के जश्न के शेड्यूल के अनुसार, शाम 5 बजे से ओपन–बस विक्ट्री परेड होनी थी, लेकिन ट्रैफिक एडवाइजरी के बाद इसको रद्द कर दिया गया. इसी परेड का हिस्सा बनने के लिए लाखों आरसीबी फैंस निर्धारित रूट पर जुट गए. बेंगलुरु की भीड़ अपने पसंदीदा सितारों को देखने और आईपीएल ट्रॉफी की एक झलक पाने के लिए जीवन में एक बार होने वाले पल का हिस्सा बनने के लिए सड़कों पर उतर आई, जिससे जानलेवा भगदड़ मच गई. आरसीबी के स्टार बल्लेबाज विराट कोहली ने इस घटना पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा, मेरे पास शब्द नहीं हैं. मैं पूरी तरह से दुखी हूं. उन्होंने घटना को लेकर आरसीबी द्वारा जारी किए गए आधिकारिक बयान के साथ इस पोस्ट को शेयर किया. कोहली के पूर्व आरसीबी साथी एबी डिविलियर्स, जो अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में पहले खिताब के जश्न का हिस्सा बनने के लिए मौजूद थे,

# भूल चूक माफ ने पार किया 60 करोड़ रुपये का आंकड़ा



राजकुमार राव और वामिका गब्बी की रोमांटिक कॉमेडी फिल्म भूल चूक माफ बीते 23 मई को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। टाइम लूप पर आधारित यह फिल्म पहले दिन से ही बॉक्स ऑफिस पर बढ़िया प्रदर्शन कर रही है। घटती कमाई के बावजूद अब भूल चूक माफ ने घरेलू बॉक्स ऑफिस पर 60 करोड़ रुपये की कमाई का आंकड़ा पार कर लिया है। आइए जानें 11वें दिन फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर कैसा प्रदर्शन किया। बॉक्स ऑफिस ट्रैकर सैकनिल्क के मुताबिक, भूल चूक माफ ने अपनी रिलीज के 11वें दिन यानी दूसरे सोमवार को 2.25 करोड़ रुपये का कारोबार किया है, जिसके बाद अब इस फिल्म का कुल बॉक्स ऑफिस कलेक्शन 61.20 करोड़ रुपये हो गया है। इस फिल्म में संजय मिश्रा, सीमा पाहवा, जाकिर हुसैन, रघुबीर यादव, इश्तियाक खान और अनुभा फतेहपुरिया जैसे कलाकार भी नजर आ रहे हैं।

करण शर्मा इस फिल्म के निर्देशक तो दिनेश विजान फिल्म के निर्माता हैं। फिलहाल बॉक्स ऑफिस पर भूल चूक माफ का सामना अजय देवगन की फिल्म रेड 2 से हो रहा है।

## कमल हासन की ठग लाइफ का तीसरा गाना ओ मारा हुआ रिलीज़

यूनिवर्सल हीरो कमल हासन की गैंगस्टर एक्शन ड्रामा फिल्म ठग लाइफ का प्रमोशन जोरों पर है, जिसका निर्देशन मणिरत्नम कर रहे हैं। ट्रेलर को जबरदस्त प्रतिक्रिया मिली, जबकि पहले दो गाने म्यूजिक चार्ट में सबसे ऊपर रहे। आज, निर्माताओं ने तीसरे सिंगल– ओ मारा का लिरिकल वीडियो जारी किया। वॉल्यूम बढ़ाएँ। एआर रहमान की रचना आपको एड्रेनालाईन से भरपूर सवारी प्रदान करती है जिसे आप कभी नहीं भूलेंगे। जो मधुर शुरू होता है वह जल्दी ही एक संक्रामक बीट में बदल जाता है जो आपको पूरी तरह से बांध लेता है। प्रत्येक छंद के साथ, ऊर्जा बढ़ती जाती है, जो फिल्म में एक गैंगस्टर के रूप में सिम्बू के साहसी और लापरवाह चरित्र को पूरी तरह से दर्शाती है।

आदित्य आरके ने सभी उच्च स्वरों को तीव्रता से बजाया, लेकिन राकेन्दु मौली ने अपने उग्र रैप छंद के साथ गर्मी को और बढ़ा दिया, जो कच्चे रवैये को जोड़ता है। उनकी गायन की ताल–मेल विस्फोटक है।

# दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ ऑस्ट्रेलिया के इन बल्लेबाजों ने बनाए हैं सबसे ज्यादा रन



नईदिल्ली, विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के तीसरे चक्र का फाइनल मुकाबला 11 जून से लॉर्ड्स क्रिकेट ग्राउंड पर शुरू होगा। इसके लिए ऑस्ट्रेलिया क्रिकेट टीम और दक्षिण अफ्रीका क्रिकेट टीम जमकर तैयारी कर रही है। कंगारू टीम अपने खिताब के बचाव के लिए फाइनल मुकाबले में उतरेगी। उसने पिछला खिताब भारतीय क्रिकेट टीम को हराकर अपने नाम किया था। ऐसे में आइए दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ सबसे ज्यादा रन बनाने वाले ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाजों पर एक नजर डाल लेते हैं। इस सूची में पहले स्थान पर ऑस्ट्रेलिया के पूर्व दिग्गज बल्लेबाज और कप्तान रिकी पोंटिंग हैं। उन्होंने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ पहला मुकाबला साल 1997 में खेला था। आखिरी बार वह 2012 में इस टीम के खिलाफ खेलते हुए नजर आए थे।

उन्होंने 26 मुकाबलों की 48 पारियों में 3 बार नाबाद रहते हुए 2,132 रन बनाए थे। उनकी औसत 47.37 की रही थी। उन्होंने 8 शतक और 11 अर्धशतक लगाए थे। उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर 143* रन था। सूची में दूसरे स्थान पर ऑस्ट्रेलिया के पूर्व बल्लेबाज नील हार्वी हैं। वह दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ 1949 से 1958 तक टेस्ट क्रिकेट खेलते हुए नजर आए थे। इस टीम के खिलाफ उन्होंने 14 मुकाबले खेले थे। इसकी 23 पारियों में 81.25 की उम्दा औसत के साथ 1,625 रन बनाने में सफल रहे थे। उनके बल्ले से 8 शतक और 5 अर्धशतक निकले थे। उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 205 रन रहा था। तीसरे स्थान पर पूर्व स्टार बल्लेबाज माइकल क्लार्क हैं। वह 2008 से 2014 तक दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ क्रिकेट का सबसे बड़ा प्रारूप खेलते हुए नजर आए थे। उन्होंने 14 मुकाबले खेले थे। इसकी 27 पारियों में 5 बार नाबाद रहते हुए 1,487 रन बनाए थे। उनकी औसत 67.59 की रही थी। उनके बल्ले से 5 शतक और 3 अर्धशतक निकले थे। क्लार्क का इस टीम के खिलाफ सर्वश्रेष्ठ स्कोर 259* रन रहा था।

## एक नजर

### मैक्स और ट्रक की आपस में टक्कर, हादसा टला

श्रीनगर गढ़वाल : बदरीनाथ राजमार्ग श्रीनगर डैम क्षेत्र में गुरुवार को रुद्रप्रयाग से ऋषिकेश जा रहे ट्रक और ऋषिकेश से कर्णप्रयाग जा रही मैक्स में आमने-सामने में टक्कर हो गई। चौकी प्रभारी श्रीकोट मुकेश गैरोला ने बताया कि जीवीके डैम के समीप नरसिंह ढाबा से लगभग 100 मीटर आगे रुद्रप्रयाग की ओर ट्रक व मैक्स सवारी वाहन राजमार्ग पर आपस में टकरा गए। टक्कर में किसी भी प्रकार की जन हानि नहीं हुई है। बताया कि घटनास्थल पर मैक्स और ट्रक को जेसीबी की मदद से राजमार्ग से हटाकर यातायात को सुचारु किया गया।

### फर्जी नम्बर प्लेट व दस्तावेजों के प्रयोग में आरोपी को दो वर्ष का कारावास

चमोली। न्यायिक मजिस्ट्रेट जोशीमठ की अदालत ने फर्जी नम्बर प्लेट और दस्तावेजों के साथ वाहन चालाने के आरोपी अभियुक्त पर आरोप सिद्ध होने के बाद दो वर्ष का साधारण कारावास और पांच हजार रुपये अर्थदंड की सजा सुनाते हुए जेल भेज दिया है। बदरीनाथ थाने में 17 जून 2022 को प्राथमिकी दर्ज होने के उपरान्त एक टैम्पो ट्रेवलर चालक को पुलिस ने गिरफ्तार किया था। 17 जून 2022 को बदरीनाथ में एक ही नम्बर प्लेट के दो टैंपो ट्रेवलर द्वारा यात्रियों को तीर्थ यात्रा में लाने का मामला बदरीनाथ पुलिस के सामाने आया था, जिसके बाद पुलिस ने कार्यवाही करते हुए फर्जी तरीके से नकली नम्बर प्लेट और दस्तावेजों के सहारे टैम्पो ट्रेवलर चालक राकेश कुमार को गिरफ्तार कर लिया था। न्यायिक मजिस्ट्रेट जोशीमठ की अदालत में चले लंबे मुकदमे के बाद अभियुक्त पर दोषसिद्ध होने पर उसे दो वर्ष का साधारण कारावास और पांच हजार रुपये का अर्थदंड की सजा सुनाई गई है। सरकार की तरफ से सहायक अभियोजन अधिकारी मनमोहन सिंह ने मामले की पैरवी की थी।

### तुंगनाथ घाटी एसोसिएशन का हुआ गठन

रुद्रप्रयाग। तुंगनाथ घाटी के विभिन्न गांवों की आम बैठक में तुंगनाथ घाटी एसोसिएशन का गठन किया गया जिसमें कुंवर सिंह बजवाल को सर्वसम्मति से अध्यक्ष चुना गया। निर्णय लिया गया कि संगठन गांवों के हक–हकूकों के साथ ही स्थानीय लोगों की समस्याओं पर कार्य करेगा। मस्तूरा में उषाडा, सारी, करोखी, हुडू, दैडा, बंरगाली, कांडा, दिलमी, कर्णधार सहित कई गांवों के ग्रामीणों की एक संयुक्त बैठक हुई। जिसमें सर्वसम्मति से तुंगनाथ घाटी एसोसिएशन का गठन करते हुए अध्यक्ष कुंवर सिंह बजवाल, सचिव नंदन सिंह रावत, उपाध्यक्ष देवेन्द्र सिंह एवं जयदीप सिंह, मंत्री जसपाल सिंह, मुकेश सिंह, राजेन्द्र सिंह, भरत सिंह, सह सचिव अनिल कुमार, कोषाध्यक्ष योगेन्द्र सिंह, संरक्षक प्रदीप सिंह व भरत सिंह को चुना गया। नवनिर्वाचित अध्यक्ष कुंवर सिंह ने कहा कि क्षेत्र में स्थानीय लोगों की समस्याओं को लेकर एकजुटता से कार्य किया जाएगा। उन्होंने विभिन्न गांवों से पहुंचे लोगों को आभार भी जताया। जितेन्द्र सिंह, सूरज सिंह, यशवंत सिंह, दिलवर सिंह, अनूप सिंह, आलोक सिंह, वीरेन्द्र सिंह, राहुल सिंह समेत कई बड़ी संख्या में ग्रामीण बैठक में मौजूद थे।

### सरकार की योजनाओं का जरूरतमंदों को दिलाएं लाभ : चौहान

नई टिहरी। भाजपा के सेवा, सुशासन, गरीब कल्याण के 11 साल कार्यक्रम को लेकर आयोजित जिला स्तरीय कार्यशाला में केंद्र सरकार के कार्यों को जन–जन तक पहुंचाने पर जोर दिया। कहा कि केंद्र की मोदी सरकार ने गरीबों के कल्याण के लिए कई कल्याणकारी योजनाएं चलाईं हैं।

जिनका जरूरतमंदों को लाभ भी मिल रहा है। लेकिन जो वंचित रह गए हैं उनको लाभ दिलाने और व्यापक स्तर पर योजनाओं का प्रचार करने की जरूरत है। ताकि कोई भी पात्र व्यक्ति योजनाओं का लाभ लेने से वंचित न रहे। भाजपा कार्यालय में आयोजित कार्यशाला का प्रदेश मंत्री आदित्य चौहान और जिलाध्यक्ष उदय रावत ने दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि विश्व पर्यावरण से 15 अगस्त तक बूथ पर पौधरोपण अभियान चलाया जाएगा। कहा कि केंद्र की मोदी सरकार ने अपने 11 साल के कार्यकाल में अनेकों महत्वपूर्ण उपलब्धियां हासिल की है। सरकार ने सेवा,सुशासन और गरीब कल्याण के लिए पारदर्शिता के साथ काम किए हैं। कहा कि सरकार के कायो की जानकारी और वंचित व्यक्ति को लाभ दिलाने के लिए 10–11 जून को जिला मुख्यालय में प्रेस वक्ता की जाएगी। 12 से 14 जून को मंडलों में चौपाल लगाई जाएगी। 14 से 17 जून को शक्ति केंद्र और गांव में चौपाल लगेगी।

# आईएचएमएस कालेज की दो छात्राओं का हुआ आईटी कंपनी में प्लेसमेंट



**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वार : इंस्टीट्यूट ऑफ हास्पीटेलिटी, मैनेजमेंट एंड साइंसेज (आईएचएमएस) कॉलेज कोटद्वार में बीसीए और एमबीए अंतिम वर्ष की शिक्षा ले रही दो छात्राओं का देश की जानी मानी आई.टी कंपनी में चयन हुआ है। जबकि सात अन्य छात्र जॉब के अंतिम दौर पर पहुंच गए हैं।

प्रोडेस्क आईटी कंपनी में आईटी रिक्स्टर (एचआर) के पद पर चयन होने पर बीसीए की छात्रा ऋतु नेगी और शिवांशी अग्रवाल ने जमकर खुशी मनाई। बेटी को बेहतर जॉब मिलने पर दोनों छात्राओं के घर पर खुशी का माहौल है। बलभद्रपुर बीईएल रोड स्थित आईएचएमएस कॉलेज के कार्यकारी निदेशक अजय राज नेगी ने बताया कि कॉलेज में कैंपस प्लेसमेंट सेलेक्शन के तहत नोयडा में स्थापित देश की जानी मानी आई टी कंपनी प्रोडेस्क-आईटी की ओर से उनके सीनियर एचआर मैनेजर नकुल कुमार कॉलेज में आए थे। उन्होंने पहले कॉलेज में बीसीए और बीएससी आई टी के छात्र-छात्राओं को कंपनी की जानकारी दी और उनसे ऑनलाइन पंजीकरण कराया। इसके बाद कंप्यूटर पर टेस्ट और इसके बाद साक्षात्कार लिया। साक्षात्कार में प्रदर्शन के आधार पर छात्र-छात्राओं को ऑफर लेटर दिए गए। ईडी ने बताया कि बीसीए की छात्रा ऋतु नेगी और एमबीए की छात्रा शिवांशी अग्रवाल को कंपनी में आईटी रिक्स्टर (एचआर) के पद के लिए तीन लाख के पैकेज का ऑफर लेटर मिला है। अमन थपलियाल, जावा डिबलपर और देवाशीष कौशिक, फ्रंट एंड डिबलपर के पद के लिए अंतिम पायदान तक पहुंच गए हैं। उनको नोयडा कंपनी में अंतिम साक्षात्कार होने के बाद ऑफर लेटर दिया जाएगा। जबकि अमन भट्ट, आकाश सिंह, गौरव सिंह बिष्ट, सुधांशु विश्वकर्मा, प्रणव सिंह का चयन इंटनशिप के लिए किया गया है। इनको इंटनशिप पूरी करने के बाद जॉब का ऑफर लेटर दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि छात्र छात्राओं के उज्जवल भविष्य के लिए कॉलेज में बेहतर शैक्षिणिक व्यवस्थाएं बनाई गई हैं। कॉलेज को नैक से मान्यता मिलने के बाद अब देश की जानी मानी कंपनियां आईएचएमएस की ओर रुख करने लगी है। उन्होंने जॉब लगने वाली छात्राओं को भविष्य की शुभकामनाएं दीं।

### एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत रोपे विभिन्न प्रजातियों के पौधे

पौड़ी : विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर रांसी स्टेडियम के पास एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पौध रोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में विभिन्न प्रजातियों के पौधे लगाए गए। गुरुवार को रांसी स्टेडियम के पास आयोजित कार्यक्रम में स्वास्थ्य मंत्री डा. धन सिंह रावत ने कहा कि जीवनदायिनी सांसें और शुद्ध जल पूरी तरह से पेड़ों पर निर्भर हैं। प्राकृतिक संसाधनों को सुरक्षित रखने हेतु हर नागरिक का यह कर्तव्य बनता है कि वह पौध रोपण में सक्रिय भागीदारी निभाए। हम सबका प्रयास धरती को शुद्ध, स्वच्छ और हरा-भरा बनाए रखने की दिशा में एक सार्थक कदम है। उन्होंने भावी पीढ़ियों की चिंता करते हुए कहा कि आने वाले समय में ऑक्सीजन, पानी जैसी मूलभूत आवश्यकताओं की कमी न हो, इसके लिए पौध रोपण करना अति आवश्यक हो गया है। डीएम डा. आशीष चौहान ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण केवल एक दिन का कार्य नहीं, बल्कि यह एक निरंतर चलने वाली प्रक्रिया है। विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर जनपद के सभी मतदेय स्थलों पर भी पौध रोपण किया गया। इस मौके पर सीडीओ गिरीश गुणवंत, डीएफओ सिविल एवं सोयम पवन नेगी, एसडीएम दीपक रामचंद्र सेट, पीडी डीआरडीए विवेक कुमार उपाध्याय आदि शामिल रहे।

# सिताबपुर सुपर किंग्स के सिर सजा टी-20 चैंपियन का ताज

## सूरज राणा को मिला मैन ऑफ द सीरीज का खिताब

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वार : ग्रीष्मकालीन टी-20 क्रिकेट कप का आयोजन तल्ला मोटाढांक के एक निजी मैदान में कराया गया। लीग कम नॉक आउट पद्धति पर खेली गई इस प्रतियोगिता में नगर की शीर्ष 6 टीमों ने प्रतिभाग किया। सीतापुर सुपर किंग्स ने फाइनल मैच जीतकर टी-20 का खिताब अपने नाम किया। सूरज राणा को प्रतियोगिता में तीन शतक लगाने के लिए मैन ऑफ द सीरीज से नवाजा गया।

फाइनल मुकाबले का उद्‌घाटन बार एसोसिएशन के अध्यक्ष नगेंद्र जोशी ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया। आयोजक सचिव नवीन मंजेरा ने जानकारी देते हुए बताया कि सिताबपुर ने टॉस जीत कर पहले बल्लेबाजी करते हुए सलामी बल्लेबाज सूरज राणा की शतकीय पारी की बदौलत 8 विकेट खो कर 284 रनों का लक्ष्य दिया, जवाब में बल्लेबाजी करने उतरी कार्बेट टाइगर्स के सलामी बल्लेबाज सुरेंद्र को 47 के स्कोर पर धर्मी ने चलता कर दिया। मध्यम क्रम के बल्लेबाजों को विवेक रावत और राजीव पटवाल ने 3-3 विकेट झटक कर टिकने नहीं दिया और कार्बेट लक्ष्य का पीछा करते हुए निर्धारित ओवरों में 186 रन ही बना सकी। इस प्रकार सीतापुर सुपर किंग्स ने यह खिताब अपने नाम किया।

इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि अंतर्राष्ट्रीय कोच सुनील रावत ने उपविजेता टीम को ट्रॉफी एवं चेक प्रदान किया, जबकि अति विशिष्ट अतिथि सेवानिवृत लेफ्टिनेंट कर्नल चंद्री पटवाल ने विजेता टीम को ट्रॉफी और मुख्य अतिथि बार एसोसिएशन अध्यक्ष नगेंद्र जोशी ने चेक दे कर पुरस्कृत किया।

# छात्रों ने पर्यावरण को बचाने का लिया संकल्प



**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वार : राजकीय बालिका इंटर कॉलेज लैंसडौन में विश्व पर्यावरण दिवस बड़े धूमधाम के साथ मनाया गया। मुख्य अतिथि डॉ. सतीश कालेश्वरी एवं विशिष्ट अतिथि श्रीमती मीना कालेश्वरी ने एक पेड़ मां के नाम का लगाया।

इस मौके पर मुख्य अतिथि डॉ. सतीश कालेश्वरी ने मां के नाम एक पेड़ लगाकर बच्चों को शपथ दिलाई। साथ ही पर्यावरण को बचाने के लिए संकल्प दिलाया। इस अवसर पर प्रधानाचार्या श्रीमती भगवती सिंह ने कहा कि अगर हमें शुद्ध वायु, शुद्ध जल, शुद्ध पर्यावरण चाहिए तो हमें पेड़ पौधें लगाकर उन्हें बचाना होगा। इस अवसर पर श्रीमती दीप्ति गुंसाई और मेघा जदली द्वारा बच्चों को एक प्रोजेक्ट के माध्यम से विस्तृत जानकारी जल संरक्षण के विषय में दी गई। बताया गया कि पर्यावरण को शुद्ध रखने में हमारा जो महत्वपूर्ण तत्व है जल जिसे संचय कर उसे उपयोगी बना सकते हैं। श्रीमती मीना अधिकारी ने छात्रों का मार्गदर्शन किया।

# राइंका मठाली में रोपे फलदार और औषधीय पौधे



**जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वार :** विकासखण्ड जयहरीखाल के अंतर्गत राजकीय इंटर कॉलेज मठाली में आयोजित समर कैंप का गुरुवार को समापन हो गया है। इस मौके पर विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम के अन्तर्गत विद्यालय परिसर में 21 फलदार एवं औषधीय पौधे रोपे गए।

समापन सत्र में मुख्य अतिथि निर्मला भट्ट ने समर कैंप की सराहना करते हुए इसे विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में सहायक बताया। वहीं प्रधानाचार्य दीपक गौड़ ने कैंप के दौरान की गई गतिविधियों की समीक्षा की। इस अवसर पर पर्यावरण विषय पर चित्रकला एवं भाषण प्रतियोगिता आयोजित की गई। जिसमें छात्र-छात्राओं ने अपनी प्रतिभा दिखाई। कार्यक्रम में विद्यालय प्रबंधन समिति की अध्यक्ष सीता देवी, विष्णु सिंह बिष्ट, दीपक जदली, विवेक भट्ट, रुचि पैन्यूली, नीलम सैनी, वंदना नेगी, सुलोचना राणा आदि शिक्षक मौजूद रहे।

# एक पेड़, मां के नाम अभियान के तहत किया पौधा रोपण



**जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वार :** गुरुवार को विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर एकेश्वर ब्लाक के अंतर्गत पब्लिक इंटर कॉलेज सुरखेत, भक्त दर्शन राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, रितेश शर्मा सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कालेज जानकी नगर और नगर पंचायत थलीसैंण में एक पेड़ मां के नाम अभियान के अंतर्गत पौध रोपण किया गया।

पब्लिक इंटर कालेज सुरखेत में आयोजित कार्यक्रम में विद्यालय प्रधानाचार्य पुष्कर सिंह नेगी ने कहा कि वर्तमान में हो रहे पर्यावरण प्रदूषण को रोकने का एक मात्र उपाय पौध रोपण ही है। कहा कि पेड़ पौधों के कारण ही हमारा जीवन संभव है। वर्तमान में पेड़ों की अंधाधुंध कटाई ने मानव के समक्ष संकट खड़ा कर दिया है। पर्यावरण में विचित्र तरह के परिवर्तन हो रहे हैं। इस सबसे बचने के लिए पौध रोपण आवश्यक है। इसलिए सभी को अपने जीवन में पौध रोपण अवश्य करना चाहिए।

वहीं जानकीनगर स्थित रितेश शर्मा सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में भी विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर आयोजित एक पौधा मां के नाम कार्यक्रम के अंतर्गत राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के 35 स्वयं सेवी छात्र-छात्राओं ने विद्यालय प्रांगण में औषधीय वृक्ष के रूप में तुलसी, एलोवेरा, पुदीना, आंवला, गिलोय, बहेड़ा, छायादार वृक्ष के रूप में अमलतास, जामुन एवं नीम, फलदार वृक्ष के रूप में आम, पपीता, अमरूद एवं नींबू आदि के पौधे रोपे। कार्यक्रम अधिकारी भूपेंद्र सिंह रावत ने कहा कि हम जितने अधिक पौधों का रोपण करेंगे उतना ही वातावरण भी शुद्ध होगा। स्वयं सेवी सानिधि, शुभम काला, प्रियांशु बौठियाल एवं प्रियांशी रावत ने भी अपने विचार सभी के समक्ष रखें। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य मनोज कुकरेती, राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के पर्यावरण प्रमुख हरीश रावत, कार्यक्रम संयोजक रोहित बलोदी, कार्यालय प्रमुख राकेश चमोली, कर्मचारी प्रेम सिंह, सच्चिदानंद आदि मौजूद रहे।

# सरकार की योजनाओं का लाभ उठाएं किसान:कौशल

नई टिहरी। चंबा ब्लॉक के न्याय पंचायत पांगरखाल में विकसित कृषि संकल्प अभियान के तहत आयोजित गोष्ठी में किसानों को केंद्र और राज्य सरकार की कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गई। कहा कि सरकार ने किसान सम्मान निधि, कृषि बीमा,मृदा परीक्षण,मृदा स्वास्थ्य कार्ड,90 फीसदी सब्सिडी पर कृषि यंत्र आदि दिए जा रहे हैं।

कहना था कि किसानों को इसका अत्यधिक लाभ उठाना चाहिए। पांगरखाल में आयोजित गोष्ठी का वीर चंद्र सिंह गढ़वाली औद्यानिकी एवं वानिकी विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो.परविंदर कौशल ने शुभारंभ करते हुए कहा कि किसानों को सरकारी योजनाओं का लाभ उठाना चाहिए। कहा कि वर्तमान में देशभर के 700 जिलों में करीब दो हजार कृषि वैज्ञानिक किसानों के बीच जाकर उनकी समस्याओं का निस्तारण करने से लेकर कृषि के नए तरीकों के बारे में बता रहें हैं। उन्होंने कृषि, पशुपालन,उद्यान विभाग के स्टॉलों का निरीक्षण करते हुए सरकार की कल्याणकारी योजनाओं के प्रचार–प्रसार पर जोर दिया ताकि इन योजनाओं से किसान अधिक लाभान्वित हो सके। कार्यक्रम के नोडल अधिकारी डीपी सेमल्टी ने कुलपति का स्वागत करते हुए मृदा स्वास्थ्य कार्ड,बीज शोधन,भूमि शोधन से लेकर हानिकारक कीटों के प्रबंधन की जानकारी दी। कृषि वैज्ञानिक डॉ. लक्ष्मी रावत ने खरीफ की फसलों पर लगने वाली बीमारियों,फलों, सब्जियों के सड़ने से बचाने,डॉ.पंकज कुमार ने औषधीय पौधों की खेती करने पर जोर दिया। न्याय पंचायत प्रभारी सौम्या रावत,आशीष बिजल्वाण,शामली भट्ट,दिव्या जोशी,भागीरथी जोशी,मुकेश सजवाण, शिवराज सजवाण, संगीता, पुष्पा, शकुंतला, सुषमा, गुड्डी, प्रेमा, दर्शनी आदि मौजूद थे।

# छोटे-छोटे प्रयास से समाज में बड़े परिवर्तन की नींव रखें




**जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वार :** डॉ. पीतांबर दत्त बड़थ्वाल राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय कोटद्वार में गुरूवार को विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर रेड क्रॉस सोसाइटी, राष्ट्रीय सेवा योजना, पर्यावरण प्रकोष्ठ एवं वनस्पति विज्ञान विभाग, आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ के संयुक्त तत्वावधान मे एक भव्य वृक्षारोपण एवं पर्यावरण जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्राचार्य द्वारा समस्त छात्र-छात्राओं, प्राध्यापकों एवं कर्मचारियों को पर्यावरण को संरक्षित रखने, प्लास्टिक मुक्त भारत और हरियाली को बढ़ावा देने की शपथ दिलाई गई।

कार्यक्रम का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण के प्रति छात्र-छात्राओं को जागरूक करना, वृक्षारोपण के महत्व को रेखांकित करना एवं प्लास्टिक मुक्त भारत की दिशा में सामूहिक प्रयास को बढ़ावा देना था। महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. डी.एस. नेगी ने छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि पर्यावरण की रक्षा आज की सबसे बड़ी आवश्यकता है। हर एक पौधा हमारे भविष्य की सांस है। उन्होंने विद्यार्थियों से अपील की कि वे इस प्रकार के छोटे-छोटे प्रयासों से समाज में बड़े परिवर्तन की नींव रखें। वरिष्ठ प्राध्यापिका प्रो. बसंतिका कश्यप ने कहा कि वृक्ष न केवल पर्यावरण का संतुलन बनाएं रखते हैं, बल्कि वे हमारी संस्कृति और स्वास्थ्य का भी आधार हैं। इस मौके पर प्रो. प्रवीण जोशी, डॉ. राखी डिमरी, डॉ. अभिषेक गोयल, डॉ. मीनाक्षी वर्मा, डॉ. जितेंद्र दिवाकर, डॉ. सुमन राणा, डॉ. अंशिका बंसल, डॉ. श्वेता कुकरेती, डॉ. अब्दुल वहाब, डॉ. बिशन लाल, मुकेश जदली, शीशपाल राणा, भरत सिंह रावत, सत्यपाल, कमलेश, कुलदीप, श्रीमती अनीता, दिनेश आदि मौजूद थे।

### शहर की समस्याओं के समाधान की मांग

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वार : नागरिक मंच ने कोटद्वार विधानसभा की ज्वलंत समस्याओं के समाधान की मांग की है। गुरुवार को मंच अध्यक्ष सीपी नैथानी और महासचिव अतुल भट्ट की ओर से गढ़वाल सांसद अनिल बलूनी को प्रेषित पत्र में कहा गया है कि कोटद्वार विधान सभा को आधुनिक बनाने के लिए क्षेत्र की ज्वलंत समस्याओं का निस्तारण किया जाना आवश्यक है। जिनमें क्षेत्र में मेडिकल कालेज स्थापना, केंद्रीय विद्यालय स्थापना, क्षेत्र में रोजगार के अवसर सृजित करने के लिए बड़े उद्योगों की स्थापना, राजकीय स्टेडियम को राज्य स्तरीय मानकों के अनुरूप विकसित करना और क्षेत्र में राष्ट्रीय ग्रामीण विकास संस्थान की यूनिट स्थापित करना आदि शामिल हैं। कहा कि इन समस्याओं के निस्तारण से कोटद्वार विधान सभा में भी रोजगार के अवसर सृजित होंगे।

# कमस्यार घाटी पांच हजार बंद घरों में लगाए दशहरा द्वार पत्र

बागेश्वर। तहसील के कमस्यार घाटी क्षेत्र के बंद घरों में गुरुवार को दशहरा द्वार चिपकाए गए। साथ ही प्रवासियों से अपने गांव आने की न्यौता भी दिया गया। लगभग पांच हजार पत्र लगाए गए। कमस्यार महोत्सव के अध्यक्ष विनोद मेहरा ने रिवर्स पलायन को लेकर दीवावली से अभियान चलाया है। वह बंद घरों के आगे दीये जलाते हैं। दशहरा पर्व पर बंद घरों के दरवाजों पर दशहरा द्वार पत्र चिपकाए गए। साथ ही प्रवासियों को इसकी फोटो भेजकर गांव वापस आने का निमंत्रण भी दिया गया। मेहरा ने कहा कि पलायन के चलते गांव आधे खाली हो गए हैं। लोग अपनी विरासत को छोड़ रहे हैं। कमस्यार महोत्सव के बहाने हमने लोगों को जोड़ने का काम किया। इस महोत्सव में प्रवासी अब बढ़चढ़कर भाग ले रहे हैं। गत वर्ष दीपावली से अभियान को विस्तार रूप दिया गया। बंद घरों के आगे दीये जलाए गए। इसका असर यह हुआ कि होली पर काफी लोग अपने गांव आए। अब दशहरा द्वार पत्र चिपकाए हैं। यह अभियान आगे भी चलता रहेगा। लोगों को अपने गांव आने का भी निमंत्रण दिया गया। जिले में धूमधाम से मनाया दशहरा द्वार पत्र बागेश्वर(आरएनएस)। गंगा के धरती पर अवतरण और जल संरक्षण का प्रतीक पर्व दशहरा जिले में धूमधाम के साथ मनाया गया। लोगों ने वज्रपात, अग्नि और दैवी आपदा से घर की रक्षा की कामना के लिए देहरी, दरवाजों पर मंत्र लिखित दशहरा पत्र चिपकाए। मंदिरों में पूजा, अर्चना कर भगवान से सुख और समृद्धि का आशीर्वाद मांगा। दशहरा पर्व पर गंगा के पावन जल से स्नान, गंगा पूजन और दान का विशेष महत्व माना गया है। गुरुवार को लोगों ने सरयू स्नान किया पूजा, अर्चना करने वालों की खासी भीड़ रही। बाबा बागनाथ का जलाभिषेक कर मंदिर में दशहरा पत्र लगाए। घर के बुजुर्गों और महिलाओं ने परिवार की सुरक्षा के लिए देहरी और दरवाजों पर दशहरा द्वार पत्र लगाए। मां गंगा की पूजा, अर्चना की गई। पर्यावरण प्रेमियों ने दशहरा पर्व पर जल संरक्षण का संकल्प लिया।

# समर कैंप में बच्चों का मस्ती के साथ हो रहा कौशल विकास



**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वार : भाबर के एनएम मॉडर्न पब्लिक स्कूल और श्री पृथ्वी विद्या मंदिर में आयोजित सात दिवसीय समर कैम्प रंगारंग कार्यक्रमों से साथ संपन्न हो गया। समर कैंप में छात्र-छात्राओं ने योग आसनों का अभ्यास, आर्ट और क्राफ्ट, नॉन फायर कुकिंग, मैजिक शो, वाटर फन, मेडिटेशन, ब्रेन बूस्टिंग, खेलकूद, आदि गतिविधियां आयोजित कर बच्चों ने जमकर खूब मस्ती की।

एनएम मॉडर्न स्कूल झंडीचौड़ पूर्वी में आयोजित समर कैंप का उद्घाटन स्कूल के प्रधानाचार्य आरजू पाल ने मां सरस्वती के चित्र के सम्मुख दीप प्रज्जवलित कर किया। कैम्प की शुरुआत योगभ्यास से हुई, जिसमें योग प्रशिक्षकों ने बच्चों को योग आसन करवाए। उन्होंने बच्चों को स्वस्थ रहने के लिए योग के महत्व की जानकारी दी। बताया कि नियमित योग करने से मानसिक और शारीरिक विकास होता है। उन्होंने बच्चों से फास्ट फूड और जंक फूड न खाने की अपील की। इसके बाद समर कैंप में छात्रों के सर्वांगीण विकास के लिए आर्ट और क्राफ्ट, नॉन फायर कुकिंग, मैजिक शो, वाटर फन, मेडिटेशन, ब्रेन बूस्टिंग आदि गतिविधियां कर बच्चों ने जमकर खूब मस्ती की। इस अवसर पर मीनाक्षी सौन्द, कृष्णा आर्य, सीमा, मन्दीप, मोनिका, अंजली नेगी आदि आदि मौजूद रहे। वहीं दूसरी ओर श्री पृथ्वी विद्या मंदिर झंडीचौड़ उत्तरी में समर कैम्प का समापन रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के साथ किया गया।

बच्चें गढ़वाली, पंजाबी, कुमाउँनी, बॉलीवुड गीतों पर जमकर थिरके। विद्यालय की प्रधानाचार्या मीनाक्षी नैथानी ने बताया कि समर कैंप का उद्देश्य बच्चों को गर्मियों की छुट्टियों का सजृनात्मक, रचनात्मक और सदुपयोग करना सिखाने के साथ ही उनके कौशल और प्रतिभा को निखारने का कार्य करेगा।



## कार्यालय खण्ड विकास अधिकारी पोखडा गढ़वाल।

पत्रांक 237 /2-लेखा/सारा/ 2025-26 दिनांक 4-6-2025

### विज्ञप्ति

महामहिम राज्यपाल उत्तराखण्ड की ओर से शक्तियों का प्रयोग करते हुए इस कार्यालय में सारा योजना के अन्तर्गत निम्नलिखित कार्यों को करवाने हेतु खण्ड विकास अधिकारी पोखडा कार्यालय में पंजीकृत ठेकेदारों (जिसने गत वर्ष 2024-25 तक टैक्स जमा किया हो) से दिनांक 19-6-2025 तक निविदायें आमंत्रित की जाती है।

| क्रमांक | कार्य का नाम | स्वीकृत लागत | निविदा प्रपत्र का मूल्य | 18 प्रतिशत जीएसटी |
|---|---|---|---|---|
| 1 | कोलागाड गदेरे में सहायक नदी उपचार | रू0- 8.00 लाख | रू0- 1500.00 | रू0- 270-00 |
| 1 | ल्याका रोला सिलेथ जलस्रोत सम्बर्द्धन कार्य | रू0- 5.46 लाख | रू0- 1500.00 | रू0- 270-00 |

निवदायें दिनांक 20-6-2025 को सांय 3 बजे ठेकेदार या उनके प्रतिनिधियों के सम्मुख खोली जायेगी। निविदा प्रपत्र के साथ स्वीकृत लागत का 2 प्रतिशत सीडीआर, शेडयूल-बी, रू0 100.00 का स्टाम्प पेपर, टैक्स जमा किये जाने का प्रमाण अनिवार्य रूप से संलग्न किया जाना अनिवार्य हैं। अपूर्ण तथा अन्य प्रपत्रों के अभाव में निविदा फार्म निरस्त कर दिया जायेगा। निविदा प्रपत्र इस कार्यालय में किसी भी कार्य दिवस में प्राप्त किये जा सकते है। निविदाओं को निरस्त करने या पुनः आमंत्रित करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी का है।

**खण्ड विकास अधिकारी**
**पोखडा गढवाल।**

## संक्षिप्त समाचार

### राष्ट्रीय सेवा योजना–रोवर्स रेंजर्स के संयुक्त तत्वावधान में पौधारोपण अभियान चलाया

चमोली। विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर राजकीय महाविद्यालय तलवाड़ी चमोली में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई तथा रोवर्स–रेंजर्स इकाई के संयुक्त तत्वावधान में पौधारोपण अभियान चलाया गया । पर्यावरण दिवस के उपलक्ष्य में प्रभारी प्राचार्य डॉ० प्रतिभा आर्य द्वारा सभी छात्र छात्राओं को पर्यावरण संरक्षण विषय पर जानकारी दी गई। उन्होंने अपने व्याख्यान में बताया कि लगातार हो रहे वन कटाव व प्राकृतिक संसाधनों के दोहन के कारण पृथ्वी का तापमान बढ़ रहा है, जो सूखा और बाढ़ जैसी आपदाओं को बढ़ा रही हैं। इन आपदाओं के कारण जानमाल के साथ प्रकृति को भी नुकसान पहुंच रहा है। राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी रजनीश कुमार ने बताया कि अधिक संख्या में वृक्षारोपण करने से आपदाओं से होने वाले नुकसान को रोका या कम किया जा सकता है । एंटी ड्रग सेल की संयोजिका डॉ० नीतू पांडे ने छात्र छात्राओं को तंबाकू व नशीले पदार्थों से होने वाले दुष्प्रभावों की जानकारी देते हुए उनकी रोकथाम के लिए जागरूक किया । रोवर्स रेंजर्स इकाई की संयोजिका डॉ० पुष्पा रानी ने सभी से अधिक से अधिक पौधारोपण कर उनके संरक्षण पर जोर दिया । तत्पश्चात महाविद्यालय परिसर में हुकम सिंह, मोहित उप्रेती तथा शंभु प्रसाद चमोली के विशेष सहयोग से पौधारोपण कर सौन्दरीकरण किया गया । इस अवसर पर प्राध्यापक डॉ०० शंकर राम, अनुज कुमार, डॉ० पुष्पा रानी, सुधा राना, डॉ० निशा, डॉ० खेम करण सहित शिक्षणेत्तर कर्मचारी महिपाल सिंह, धीरेंद्र सिंह, दीपा रावत सहित सभी छात्र छात्राएं मौजूद रहे।

### स्वास्थ्य विभाग को मिले 220 नए चिकित्साधिकारी

देहरादून। सूबे के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग को 220 नये चिकित्साधिकारी मिल गये हैं। उत्तराखंड चिकित्सा सेवा चयन बोर्ड ने मंगलवार को चिकित्साधिकारी भर्ती परीक्षा का परिणाम घोषित कर दिया है। चयनित चिकित्सकों को शीघ्र ही पर्वतीय और दूरस्थ क्षेत्रों में तैनाती दी जाएगी। जिससे प्रदेश की स्वास्थ्य सेवाओं और अधिक सुदृढ़ होगी। सूबे के चिकित्सा स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा मंत्री डॉ. धन सिंह रावत के अथक प्रयासों और निरंतर विभागीय समीक्षा के उपरांत स्वास्थ्य विभाग ने उत्तराखंड चिकित्सा सेवा चयन बोर्ड को प्रांतीय चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवा संवर्ग के अंतर्गत चिकित्साधिकारी (बैकलॉग) के 276 रिक्त पदों का अधियाचन भेजा था। जिसके क्रम में चयन बोर्ड ने 27 फरवरी 2025 को रिक्त पदों के लिए विज्ञप्ति जारी की थी। इसके बाद 7 से 20 मई तक साक्षात्कार आयोजित किए गए। जिसके उपरांत चयन बोर्ड ने कुल 220 योग्य अभ्यर्थियों की अंतिम चयन सूची जारी कर दी है। कुछ आरक्षित श्रेणियों में पात्र अभ्यर्थी न मिलने के कारण नियमानुसार पदों को अग्रेनीत कर दिया गया है।

### एक पेड़ माँ के नाम के तहत सरोज बाला जैन चैरिटेबल ट्रस्ट ने पेड़ लगाए

देहरादून। 5 जून को पर्यावरण दिवस के उपलक्ष्य में राजा रोड पर लक्ष्मी पार्क में आज एक पेड़ माँ के नाम के तहत सरोज बाला जैन चैरिटेबल ट्रस्ट के द्वारा पेड़ लगाए गये जिसमें सरोज बाला जैन चैरिटेबल ट्रस्ट की अध्यक्ष श्रीमती मंजू जैन उत्तराखंड राज्य मंत्री श्याम अग्रवाल जी झंडा पार्षद वैभव अग्रवाल अंकुर जैन अर्चना सिंगल प्रीती पारुल जैन सुधा जैन कुमकुम जैन राज जैन मीनू अग्रवाल इंद्रा जैन अनन्या जैन रोनित जैन नव्या सेजल वियोना आदि मौजूद रहे। ट्रस्ट के अध्यक्ष मंजू जाने कहां पर्यावरण दिवस से लेकर पूरे साल उनका प्रण कम से कम बीस हजार पेड़ लगाने का है।

# गांवों के समग्र विकास से ही होगा राष्ट्र का विकास : शैलेन्द्र

## भव्य सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के साथ चाई ग्रामोत्सव सम्पन्न






**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वार : पहाड़ में संस्कृति संरक्षण का अनूठा आयोजन ह्यचाई ग्रामोत्सव 2025 गुरूवार को देवपूजन, विचार गोष्ठी एवं भव्य सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के साथ संपन्न हो गया। अंतिम दिन लोक कलाकारों ने अनेक मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। गढ़वाल की सांस्कृतिक झांकी को दर्शकों ने विशेष तौर पर सराहा।

तीन दिवसीय चाई ग्रामोत्सव के अंतिम दिन आयोजित समापन समारोह का मुख्य अतिथि मेयर नगर निगम कोटद्वार शैलेंद्र सिंह रावत ने दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि भारत की आत्मा गांवों में निवास करती है। गांवों के समग्र विकास से ही राष्ट्र का विकास होगा। कहा कि गांव प्राथमिक उत्पाद के केंद्र हैं। इन उत्पादों को बाजार मिलना चाहिए। इससे रोजगार बढ़ेगा और पलायन रुकेगा। मेयर श्री रावत ने चाई ग्रामोत्सव ह्यको विकास का मॉडल बताया और कहा कि पहाड़ के गांवों को फिर से बसाने और जीवंत बनाने में यह संकल्पना कारगर साबित हो सकती है। उन्होंने कहा कि यह जरूरी है कि सभी लोग वर्ष में कम से कम एक बार अपने गांव जरूर आएं। विशिष्ट अतिथि गढ़वाल केंद्रीय विश्वविद्यालय श्रीनगर में भू-विज्ञान के विभागाध्यक्ष डा. महेंद्र प्रताप सिंह बिष्ट ने कहा कि ह्यचाई ग्रामोत्सवह्न अपने प्रकार का एक विशिष्ट उत्सव है, जो अतुलनीय है। इस ग्राम पर्व की आयोजन के लिए उन्होंने संपूर्ण ग्रामवासियों की सराहना की। उन्होंने कहा कि सभी ग्रामवासियों का तीन दिन तक एक साथ रह कर सह भोज करना और ग्राम विकास की योजना बना कर उसे क्रियान्वित करना एक ऐसी उद्देश्यपरक रचनात्मक पहल है, जिसकी वर्तमान दौर में सर्वाधिक आवश्यकता है। डा. बिष्ट ने कहा कि ह्यचाई ग्रामोत्सवह्न आदर्श गांव बनाने और भारतीय संस्कृति को बचाने का अनूठा अभियान है। ग्राम विकास के क्षेत्र में ग्राम चाई संपूर्ण समाज के लिए प्रेरक है। इस अवसर पर पूर्व खंड विकास अधिकारी जयेंद्र भारद्वाज, देवेंद्र बुडाकोटी, ललन बुडाकोटी, सचिदानंद बुडाकोटी आदि ने विचार व्यक्त किए। महेश चंद्र बुडाकोटी की अध्यक्षता में आयोजित समारोह संचालन डा. पदमेश बुडाकोटी ने किया।

# विश्व पर्यावरण दिवस पर जयहरीखाल महाविद्यालय में रोपे 100 पौधे




**जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वार :** भक्त दर्शन राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय जयहरीखाल एवं भूमि संरक्षण वन प्रभाग, लैंसडौन के संयुक्त तत्वावधान में विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर गोष्ठी एवं पौधा रोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय परिसर में 100 से अधिक पौधे रोपे गए।

इस मौके पर प्रभागीय वनाधिकारी श्रीमती स्पर्श काला ने बताया कि उत्तराखंड के वन क्षेत्रों में हर वर्ष ग्रीष्मकाल में सैकड़ों हेक्टेयर वन भूमि आग की भेंट चढ़ जाती है, जिससे वन्य जीवों, वायु प्रदूषण और मृदा अपरदन जैसी समस्याएं उत्पन्न होती हैं। उन्होंने 'फायर फॉरेस्ट' मोबाइल एप और 1926 टोल-फ्री नंबर के माध्यम से आम नागरिकों को वनाग्नि की सूचना देने की अपील की। साथ ही, पिरूल संग्रह केंद्रों और सिंगल यूज प्लास्टिक के उन्मूलन पर भी जोर दिया। उपप्रभागीय वनाधिकारी प्रशांत हिंदवाण ने न केवल पौधा रोपण किया, बल्कि इन पौधों के संरक्षण की आवश्यकता पर भी बल दिया। अन्य वक्ताओं में विषम दत्त जोशी (वन क्षेत्राधिकारी), रवि सैनी (बीडीओ जयहरीखाल), नागेंद्र तनवार (राज्य प्रमुख, हंस फाउंडेशन) और विनोद नेगी ने पर्यावरण संरक्षण हेतु युवाओं को प्रेरित किया। कार्यक्रम का संचालन महाविद्यालय के वरिष्ठ प्राध्यापक प्रो. डॉ. एस.पी. मधवाल ने किया। प्राचार्य प्रो. एल.आर. राजवंशी ने कहा कि पर्यावरण के महत्व को दृष्टिगत रखते हुए महाविद्यालय परिसर में भक्त दर्शन और तिलू रोतेली वाटिका को स्थापित किया गया है। कहा कि पौधे महाविद्यालय को एक हरित परिसर बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है और यह आयोजन युवाओं को सामाजिक दायित्वों के प्रति और अधिक संवेदनशील बनाएगा। इस अवसर पर सरपंच महेंद्र सिंह गुसाईं सहित महाविद्यालय के प्राध्यापक और कर्मचारी आदि मौजूद थे।

# पौड़ी महोत्सव की सांस्कृतिक संध्या में सौरभ, रोहित और प्रतीक्षा के गीतों पर थिरके दर्शक

**जयन्त प्रतिनिधि।**

पौड़ी : जय कंडोलिया पौड़ी महोत्सव की पांचवीं सांस्कृतिक संध्या में रोहित चौहान, सौरभ मैठाणी और प्रतीक्षा बमराड़ा ने गढ़वाली गीतों से दर्शकों का भरपूर मनोरंजन किया। इस मौके पर सांस्कृतिक संध्या के मुख्य अतिथि उप जिला अधिकारी पौड़ी दीपक राम चंद्र सेठ ने कहा कि पौड़ी सांस्कृतिक गतिविधियों के लिए जानी जाती है और इस आयोजन में नगर वासियों का सहयोग इसकी सफलता को दर्शाता है। शहर के सांस्कृतिक विरासत के इस आयोजन के लिए उन्होंने पालिका अध्यक्ष की सराहना की।

संध्या का शुभारम्भ गायक सौरव मैठाणी ने भगवती मां के भजन तू रौंदी मां तू रौंदी.. से किया। इसके बाद गढ़वाली गीत मेरी प्यारी निर्मला चल तू, हिट बिजौली घुम ओला.., मैं पहाड़ो कु रैवासी तू दिल्ली रौण वाली.., जख हवा आंदी सरा सरा.., मेरी सपना स्याली.. आदि गीत माहौल खुशनुमा बना दिया। इसके बाद रोहित चौहान ने खुट्यु मा पारुली तेरा घुघरू बज़दा.., चंदी बटणा भेजी कुर्ती कॉलर मा.., लाली हो लालिया होंसिया.., हीरा संमधणी, धन सिंग की गाड़ी चली.., गौरी गालोडी सजीली.. गीत गाकर युवाओं को थिरकने पर मजबूर कर दिया। गायिका प्रतीक्षा बमराड़ा ने डांडियों काठियों कु मुल्क.., मेरु बाजु रंगा रंग बिचरी.., रमदेई का होटला.. से समा बांधा। कलाकारों ने गढ़वाली गीतों पर बेहतरीन नृत्य प्रस्तुत किए। हास्य कलाकार संदीप छिलबट ने सम सामयिक विषयों पर सामाजिक संदेशप्रद हास्य प्रस्तुत कर दर्शकों को खूब गुद गुदाया। संगीत पक्ष में तबला सुभाष पांडे, ऑक्टोपैड रवि थापा, ढोलक सुमित गुसाईं की बोर्ड ज्योति पंत और बांसुरी पर महेश ने संगत की। विशिष्ट अतिथि सुप्रसिद्ध गढ़वाली लोक गायक अनिल बिष्ट ने आयोजन की सफलता के लिए सभी संयोजन समितियों की सराहना की। इस अवसर पर पालिका अध्यक्ष हिमानी नेगी, गढ़वाली फिल्म निर्देशक गणेश वीरान, सांस्कृतिक संयोजक मनोज रावत अंजुल, वीरेंद्र खंकरियाल, रामलीला समिति के सचिव राम सिंह रावत, आह्वान संस्था की अध्यक्ष प्रियंका थपलियाल, सतेंद्र रावत, सभासद रेखा ,संगीता रावत, बृजमोहन, युद्धवीर सिंह आदि मौजूद रहे। संचालन योगंबर पोली ने किया।

# प्लास्टिक कचरा पर्यावरण के लिए गंभीर खतरा

जयन्त प्रतिनिधि। पौड़ी : विश्व पर्यावरण दिवस पर जिले भर में स्वच्छता, पौध रोपण अभियान चलाए गए। इस अवसर पर जिला जज अजय चौधरी ने कहा कि पर्यावरण की रक्षा केवल सरकारी संस्थानों की जिम्मेदारी नहीं है, बल्कि हर नागरिक की सहभागिता इस दिशा में अति आवश्यक है। उन्होंने आम लोगों से सार्वजनिक स्थलों और सड़कों के किनारे कूड़ा-करकट ना फैलाने व स्वच्छता को अपनी दिनचर्या में शामिल करने की अपील की। जिला जज ने बताया कि प्लास्टिक कचरा हमारे पर्यावरण के लिए गंभीर खतरा है और इसके लिए जनजागरूकता बेहद जरूरी है। पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता लाने एवं स्वच्छता का संदेश देने को लेकर गुरुवार को जिला मुख्यालय के सटे टेका मार्ग तक विशेष सफाई अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान सड़क के दोनों ओर फैले कचरे को एकत्रित कर नगर पालिका की मदद से उसका निस्तारण किया गया। अभियान में मौजूद लोगों को स्वच्छता की शपथ भी दिलाई गई। सफाई अभियान के दौरान विशेष रूप से प्लास्टिक कचरे, कांच की बोतलों और अन्य गैर-बायोडिग्रेडेबल वस्तुओं को अलग-अलग करके एकत्र किया गया और उसका निस्तारण कराया गया। इस मौके पर क्लीन हिमालय कैंपेन के संस्थापक हर्ष चंदोला ने कूड़ा एकत्रित करने के लिए बैग और गल्प्स वितरित किए। इस मौके पर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट पौड़ी लक्ष्मण सिंह, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण पौड़ी अकरम अली, सिविल जज नेहा कय्यूम, प्रतीक्षा केसरवानी, न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रतीक मथेला, प्रभागीय वनाधिकारी पवन नेगी, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका पौड़ी एसपी जोशी, अनूप सिंह आदि मौजूद थे।

### डीएम निकिता ने संभाली टिहरी की कमान

नई टिहरी। 2015 बैच की आईएएस अधिकारी निकिता खंडेलवाल ने टिहरी के 57वें जिलाधिकारी के रूप में गुरूवार को पदभार ग्रहण करने के साथ ही जिला कोषागार के डबल लॉक का चार्ज ग्रहण लिया। उन्होंने सभी पंजिकाओं, तालों, स्टांप, निर्वाचन संबंधी सामग्री आदि की सूची के साथ मिलान कर हस्ताक्षर किए। इसके बाद जिलाधिकारी ने कलेक्ट्रेट और राजस्व रिकार्ड रूम का निरीक्षण किया। विदित हो कि जिलाधिकारी निकिता इससे पूर्व अपर सचिव सूचना प्रौद्योगिकी, सीडीओ देहरादून सहित कई पदों पर कार्य कर चुकी हैं। वहीं दूसरी ओर, टिहरी से हरिद्वार स्थानांतरण होकर गए निवर्तमान डीएम मयूर दीक्षित को अधिकारियों ने जिला सभागार में विदाई दी। कहा कि उनके कार्यकाल में जिले ने कई उपलब्धियां हासिल की। गत वर्ष भिलंगना ब्लॉक में आई प्राकृतिक आपदा के बाद पुनर्निर्माण कार्य, न्यू तिनगढ़ गांव बसाने, सीमांग गंगी गांव में विद्युतीकरण, टिहरी बांध के पुनर्वास संबंधित कार्य, टिहरी लेक प्रोजेक्ट आदि शामिल हैं। विदाई समारोह में दीक्षित ने कहा कि करीब दो साल के कार्यकाल में टिहरी में अधिकारी–कर्मचारियों की टीम के साथ मिलकर कार्य किया है (

# विश्व पर्यावरण दिवस पर आर्मी पब्लिक स्कूल में लिया जागरूकता का संकल्प

**जयन्त प्रतिनिधि।**



लैंसडौन : विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर आर्मी पब्लिक स्कूल लैंसडौन में पर्यावरण संरक्षण और जागरूकता को समर्पित विविध गतिविधियों का आयोजन उत्साहपूर्वक किया गया। इस वर्ष की थीम ह्प्लास्टिक प्रदूषण समाप्त करेंह्न को केंद्र में रखते हुए कार्यक्रमों की श्रृंखला चलाई गई, जिनमें छात्रों और शिक्षकों की सक्रिय सहभागिता देखने को मिली।

कार्यक्रम का शुभारंभ 'ग्रीन प्लेज' से हुआ, जिसमें विद्यालय परिवार ने प्लास्टिक के उपयोग से दूरी बनाने, प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण और पर्यावरण के प्रति सतर्क रहने की सामूहिक शपथ ली। इस मौके पर इको क्लब प्रभारी शिक्षिका सृष्टि सुंद्रियाल ने छात्रों को संबोधित करते हुए प्लास्टिक प्रदूषण की गंभीरता पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि एकल-उपयोग प्लास्टिक न केवल पर्यावरण, बल्कि मानव स्वास्थ्य के लिए भी अत्यंत घातक है। उन्होंने चिपको आंदोलन के विषय में बताते हुए छात्रों को पर्यावरण-संवेदनशील विकल्प अपनाने और सतत जीवनशैली विकसित करने के लिए प्रेरित किया। विद्यालय के एनसीसी कैडेट्स ने विद्यालय परिसर में बांज एवं देवदार का वृक्षारोपण और स्वच्छता अभियान चलाया। उन्होंने पूरे विद्यालय परिसर में सफाई कर स्वच्छता का संदेश दिया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य विजेंद्र दत्त सुंद्रियाल ने कहाकि पर्यावरण संरक्षण कोई एक दिन का प्रयास नहीं, बल्कि यह हमारी जीवन शैली का हिस्सा होना चाहिए। ऐसे कार्यक्रमों से बच्चों में न केवल जागरूकता आती है, बल्कि वे स्वयं एक परिवर्तन के वाहक बनते हैं।

# कार्यशाला में बच्चे सीख रहे व्यक्तित्व विकास के गुर



**जयन्त प्रतिनिधि। लैंसडौन :** अभ्युदय परिवार लैंसडाउन द्वारा आओ सीखें कार्यशाला में बच्चों ने उत्साह के साथ प्रतिभाग कर रहे है। कार्यशाला में बच्चे कई तरह के गुर सीख रहे हैं। कार्यशाला में बच्चों को अनुशासन, समय प्रबंधन, टीम वर्क जैसे कौशल सीखने को मिल रहे हैं, उन्हें अभिनय की बारीकियों और कला की गहराई को समझने का अवसर भी मिल रहा है। इस मौके पर डॉ. सतीश कालेश्वरी, डॉ. सतीश कालेश्वरी, सुनील मेहरा, जान्हवी मेहरा, संयोजिका भावना वर्मा ने कार्यशाला का शुभारंभ माँ सरस्वती माता के चित्र के समीप द्वीप प्रज्जवलित कर व फूल अर्पित कर किया। मुख्य अतिथि डॉ. कालेश्वरी ने कहा कि कार्यशाला की सराहना करते हुए कहा कि कार्यशाला में बच्चे और महिलाएं बहुत कुछ सीख रही है। कहा कि इस तरह की कार्यशाला में अधिक से अधिक संख्या में बच्चों को प्रतिभाग करना चाहिए। कहा कि इन कार्यशालाओं में बच्चों को विभिन्न क्षेत्रों में विशेषज्ञता हासिल करने का अवसर मिलता है, जिससे वे अपने कौशल को निखार सकते हैं और अपने जीवन में उपयोगी ज्ञान प्राप्त कर सकते हैं। इस अवसर पर मीना अधिकारी, चन्द्रकान्ता बौठियाल, शान्ति गुसाईं, चंदा नेगी, शालिनी अग्रवाल, कल्पना, सविता नेगी, अलका अग्रवाल, कविता बिष्ट, रेणुका चौहान, एकता वर्मा, पूनम बौठियाल, अनीता वेदी, कुसुम रावत आदि मौजूद थे।

### स्वयंसेवियों को रेड क्रास के बारे में बताया

नई टिहरी। राजकीय महाविद्यालय नैनबाग की इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी ने स्वयंसेवियों के लिए एक गोष्ठी का आयोजन किया गया। इसमें यूथ रेड क्रॉस के नोडल अधिकारी डा दिनेश चंद्र ने स्वयंसेवियों को यूथ रेड क्रॉस के बारे में विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि कैसे यूथ रेड क्रॉस के संस्थापक जीन जैक्स ड्यूनेट के द्वारा इस संगठन की स्थापना की गई। डा चंद्रा ने यूथ रेड क्रॉस के आदर्श शब्द मानवता, निष्पक्षता, तटस्थता , स्वतंत्रता, स्वैच्छिक सेवा, एकता और सार्वभौमिकता की विस्तृत व्याख्या की। इस अवसर पर अर्थशास्त्र विभाग के डा परमानंद चौहान ने भी स्वयंसेवियों को यूथ रेड क्रॉस का महत्व समझाते हुए कहा कि हम सभी भारतीय हैं।

सभी को आपस में मिलजुल कर रहना चाहिए, तभी हमारा देश प्रगति कर सकता है। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य डा संदीप कुमार, डॉ ब्रीश कुमार, अनिल नेगी, रोशन रावत और मोहनलाल उपस्थित रहे।

# गंगा दशहरा पर केदारनाथ धाम में पंच गंगा संगम का किया पूजन

रुद्रप्रयाग। गंगा दशहरा के पावन पर्व पर केदारनाथ धाम में गंगा दशहरा भव्य तरीके से मनाया गया। पंच गंगा संगम पर विधि विधान से गंगा का पूजन भी किया गया। इसके बाद मां गंगा की आरती की गई। गंगा मां से सभी ने खुश समृद्धि की प्रार्थना की। केदार सभा द्वारा केदारनाथ धाम में गंगा घाट पर पंच गंगा संगम का विधिवत पूजन अर्चन किया गया। गंगा दशहरा के पावन पर्व पर केदार सभा के अध्यक्ष राजकुमार तिवारी गंगा घाट पर हुई पूजा में मुख्य यजमान रहे। उन्होंने मां गंगा से विश्व के कल्याण केदारनाथ में निवास करने वाले सभी लोगों व तीर्थयात्रियों की सुख शांति की कामना की। केदारनाथ में रहने वाले सभी तीर्थ पुरोहित सुबह गंगा घाट पर एकत्रित हुए। इसके बाद पूजा अर्चना की गई जबकि गंगा आरती के साथ कार्यक्रम संपंन हुआ। इस मौके पर केदार सभा के अध्यक्ष राजकुमार तिवारी, बद्री केदार मंदिर समिति के प्रभारी अनिल ध्यानी, केदारसभा के उपाध्यक्ष बिष्णु कान्त कुमींचली, महामंत्री राजेन्द्र प्रसाद तिवारी, कोषाध्यक्ष प्रवीण चन्द्र तिवारी, मंत्री अंकित सेमवाल, सभा के मीडिया प्रभारी पंकज कुमार शुक्ला, वरिष्ठ तीर्थ पुरोहित धीरेन्द्र शुक्ला, उमेश चन्द्र पोस्ती, बृजेन्द्र शर्मा, प्रदीप तिनसोला, रोशन लाल त्रिवेदी, तेज प्रकाश त्रिवेदी, देवेश बाजपेई, गंगा प्रधान पुजारी प्रदीप शर्मा, मुनि महाराज, आलोक बाजपेई, आनंद कुमार शुक्ला, अनिल शुक्ला, आंनद सेमवाल आदि मौजूद थे।

# मां सुरकंडा परिसर में धूमधाम से मनाया गंगा दशहरा

नई टिहरी गंगा दशहरे पर गुरुवार को सिद्धपीठ सुरकंडा मंदिर में आस्था का सैलाब उमड़ा। मां गंगा और मां सुरकंडा के जयकारों से पूरा सिद्धपीठ क्षेत्र गुंजायमान हो उठा। इस मौके पर मंदिर परिसर में देवी गंगा और सुरकंडा की वेद–ऋचाओं और नैवेद्य से विशेष पूजा–अर्चना की गई। जबकि इससे पहले कदूखाल में भक्तों ने रातभर भजनों और जागरों से देवी की स्तुति की। गुरुवार को गंगा दशहरे पर सुरकंडा मंदिर में देवी दर्शनों को खूब भीड़ उमड़ी। जबकि बीती बुधवार देर शाम को नमस्कार देवभूमि सेवा संघ नई दिल्ली की ओर से कदूखाल में रात्रि जागरण और भंडारे का आयोजन किया गया।कदूखाल में लोकगायक मुकेश कठैत सहित अन्य ने देवी जागर व भक्ति गीत प्रस्तुत किए। जिस पर श्रद्धालु जमकर झूमे। मुकेश कठैत और टीम ने नौशिणा की देवी माता राजी रखीं रै.., माता तेरो दरबार प्यारा.., जकम दिबतौं का ठौ छन भैजी.., पर्चु देंदि रै हे माता.. आदि भजनों की प्रस्तुतियां दी। जिस पर श्रद्धालु जमकर झूमे। गुरुवार को सुबह ब्रह्म मुहूर्त में मंदिर के कपाट खुलते ही देवी के जयकारों से पूरा परिसर गुंजायमान हो उठा। सुबह सबसे पहले मंदिर में मां की मूर्ति का गंगाजल से स्नान कराया और उसके बाद पूजा–अर्चना की गई। पूजा के बाद मां की मूर्ति को भोग लगाया गया और नया ध्वज स्थापित किया गया। मंदिर में मां के दर्शनों के लिए सुबह से ही भीड़ जुटनी शुरू हो गई थी।

### एआरटीओ ने 33 चालान व 5 वाहन सीज किये

नई टिहरी। परिवहन विभाग टिहरी ने चंबा, नरेंद्रनगर व मुनकीरेती के भद्रकाली क्षेत्र में सघन चेकिंग अभियान चलाया।

अभियान में यातायात नियमों के उल्लंघन में मोटर वाहन अधिनियम की विभिन्न धाराओं के तहत कुल 33 चालान कर 5 वाहनों को सीज किया गया। एआरटीओ (प्रवर्तन) सत्येंद्र राज ने बताया गया कि प्रवर्तन दल ऋषिकेश द्वारा निजी वाहन के व्यवसायिक प्रयोग में 3 वाहन सीज किए गए, जबकि प्रवर्तन दल टिहरी ने 1 बस को बिना परमिट व बिना कर के अभियोग में सीज किया। एक वाहन चालक जो की शराब पीकर वाहन को ऋषिकेश से ढुंगमंदार की ओर चला रहा था, उसे कार्यवाही के लिए चंबा थाने में पुलिस के सुपुर्द किया गया।

# लोक कल्याण सेवा समिति के नेतृत्व में गौचर में हुआ वृक्षारोपण




चमोली। विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर जनकल्याण लोक. सेवा समिति के नेतृत्व में बन विभाग गौचर सहित विभिन्न संगठनों के सदस्यों व समाजिक कार्यकर्ताओं ने गौचर मेला मैदान के चारों ओर पौधारोपण कार्य किया गया। धनपुर वन रैंज गौचर के सहयोग से जनकल्याण लोक सेवा समिति के पदाधिकारियों व सदस्यों ने गौरव सैनानी संगठन गौचर व शिक्षक – शिक्षिकाओं ने गौचर मैदान के किनारे – किनारे ट्री गार्ड के साथ बृक्षारोपण किया और सभी ने सपथ ली कि जब तक पौधे बडे नही हो जाते तब तक इनकी देखभाल पानी देना, खरपतवार निकालना हम सबकी जिम्मेदारी होगी। वृक्षारोपण कार्यक्रम में जनकल्याण लोक सेवा समिति के अध्यक्ष सुनील पंवार, सचिव सुवेदार कुशाल सिह नेगी, गौरव सैनानी संगठन के अध्यक्ष बीरपाल सिह नेगी, सचिव मातबर कनवासी, दिलबर सिह, जनकल्याण लोक सेवा समिति के उपाध्यक्ष अर्जुन नेगी, उपाध्यक्ष सुनील शाह, पुष्पा शाह, उपाध्यक्ष गिरीश शाह, इन्दू पंवार, सरिता रावत, नन्दी देबी, दीपा देबी , कोषाध्यक्ष मंजू नेगी , यूथ विंग के अध्यक्ष मनीष कोहली, मीडिया प्रभारी पूर्व सैनिक गोविन्द बिष्ट, महिला विंग के अध्यक्ष बीना देबी, उपाध्यक्ष सरिता भण्डारी, आनन्द कण्डारी , सूर सिह नेगी, बबली देबी, लक्ष्मी प्रसाद खाली , शिक्षिका गीता चन्द्रा, व्यायाम शिक्षक राजेन्द्र नेगी, रेखा नेगी, सावित्री चौधरी, पप्पू बिष्ट , सभासद बिनीत रावत, कार्तिक पंवार, महांबीर खत्री, प्रमिला पुरोहित, आदि मौजूद रहे।

**जयन्त**
**संस्थापक**
स्व.नरेन्द्र उनियाल
प्रकाशक,मुद्रक और स्वामी
**नागेन्द्र उनियाल** द्वारा प्रतिभा प्रेस से मुद्रित तथा बद्रीनाथ मार्ग कोटद्वार (गढ़वाल) से प्रकाशित
—सम्पादक
**नागेन्द्र उनियाल**
आर.एन.आई. 35469/79
फोन/फैक्स 01382—222383
मो. 8445596074, 9412081969
e-mail:
nagendra.uniyal@gmail.com